विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, गुरूवार 25 अप्रैल 2024
sheelshukla100@gmail.com


# कांग्रेस की मंशा एससी, एसटी, ओबीसी के आरक्षण में कटौती कर अल्पसंख्यकों को देने की – योगी आदित्यनाथ

लखनऊ(आरएनएस)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इनकी मंशा एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण में डकैती डालने की है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यूपीए सरकार अपने शासनकाल में पूर्व चीफ जस्टिस एवं कांग्रेस सांसद रंगनाथ मिश्रा कमीशन सिफारिशों को लागू करना चाहती थी। बता दें कि रंगनाथ मिश्रा कमीशन के तहत ओबीसी को मिलने वाले 27 प्रतिशत आरक्षण में छह प्रतिशत अल्पसंख्यक समुदाय को देने की बात कही गई थी। मुख्यमंत्री योगी बुधवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी के साथ पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने पार्टी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह तथा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री असीम अरूण के साथ प्रदेश भाजपा मुख्यालय में मीडिया सेंटर का उद्घाटन भी किया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री श्री गोविन्द नारायण शुक्ला, श्री अनूप गुप्ता, संजय राय, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, प्रदेश मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुबे, प्रदेश प्रवक्ता हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव, डा. समीर सिंह, श्री मनीष शुक्ला, राकेश त्रिपाठी, संजय चौधरी, आलोक वर्मा, प्रदेश मुख्यालय प्रभारी भारत दीक्षित, सहप्रभारी एसटी के अधिकारों में भी घुसपैठ करने की है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण यूपीए सरकार में आई सच्चर कमेटी की रिपोर्ट है, जिसे भाजपा के भारी विरोध के कारण उन्हें वापस लेना पड़ा था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने घोषणात्र में संपत्ति का सर्वे कराने की बात कर रही है। वे लोग उसके बाद संपत्ति का अपने अनुसार बंदरबांट करेंगे। यूपीए सरकार के तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने इस बात का उल्लेख भी किया था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने देश में चार जातियों की बात की है, गरीब, किसान, युवा और महिला। इसमें किसी जाति, मत–मजहब की बात नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस को देश की कीमत पर येन केन प्रकारेण सत्ता चाहिए। वह महिलाओं पर बर्बर अत्याचार करने वाले तालिबानी प्रवृत्ति को भारत में लागू करना चाहती है। ये लोग तीन तलाक का समर्थन करते हैं। कांग्रेस देश में शरीया कानून लागू करके तालीबानी विध्वंस की समर्थक है। उनके घोषणापत्र में आधी आबादी के अपमान के इरादे साफ दिखाई देते हैं। ये देश की सुरक्षा, संप्रभुता से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, जिसमें कांग्रेस की मंशा स्पष्ट उजागर होती है। इसके कारण 1947 में देश का विभाजन हुआ, देश आतंकवाद और उग्रवाद की चपेट में आया। सभी संस्थाएं भ्रष्टाचार में डूब गई थीं। देश में अविश्वास का माहौल खड़ा हो गया था। कांग्रेस फिर से देश को उधर लेकर जाना चाहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1970 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने गरीबी हटाओ का नारा दिया था। गरीबी नहीं हट पाई, क्योंकि उनके पास इसे लेकर कोई ठोस कार्यक्रम नहीं थे। उनके 19–20 सूत्रीय कार्यक्रम फाइलों में रह जाते थे। योजनाएं कमीशनखोरी की भेंट चढ़ जाते थे। चेहरा देखकर योजनाओं का लाभ देने की प्रवृत्ति जो उस समय प्रारंभ हुई थी वो यूपीए के शासनकाल में हमें और विभत्स रूप में देखने को मिला था। 65 साल तक शासन करने के बाद भी उनका पॉलिटिक्स परफॉर्मेंस के आधार पर नहीं बन पाया। इनकी योजनाएं पिक एंड चूज की थीं, चेहरे देखकर योजनाओं का लाभ देने का कार्य किया जाता था। अब एक बार फिर दादी के दिये नारे को पोते के द्वारा किस प्रकार से तोता रटंत किया जा रहा है कि हम गरीबी हटाएंगे। ये कैसे करेंगे, इसे इनके घोषणा पत्र में देखा जा सकता है, ये खतरनाक भी है और हास्यास्पद भी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये जनता को तय करना है, क्योंकि देश आपका है, सुरक्षा आपकी है, जीवन आपका है और वोट भी आपका है। आपका एक वोट आतंकवाद के पुराने दौर को वापस ला सकता है। वहीं भाजपा को वोट जाने का मतलब आतंकवाद को सीमापार ही निपटाना। भाजपा को मिलने वाला एक–एक वोट हर व्यक्ति की सुरक्षा, सुशासन और संप्रभुता को सुनिश्चित करता है। भारतीय जनता पार्टी भारत को विकसित भारत के रूप में स्थापित करने की संकल्पना को लेकर आगे बढ़ रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 10 वर्षों के कामकाज तथा माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी नेतृत्व में सात वर्षों का लेखा–जोखा लेकर जनता के बीच है। भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व नेता, सरकार के मंत्री लगातार मोदी सरकार व योगी सरकार का रिपोर्ट कार्ड लेकर जनता के बीच पहुंच रहे है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी तथा मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के प्रति जनता का अटूट विश्वास है। भाजपा सरकारों के कामकाज को लेकर लोगों में विश्वास भी है और उत्साह भी है। कहा कि विपक्षी दलों के लोग देश व प्रदेश में नकारात्मक वातावरण पैदा करके जनता को गुमराह करने का काम कर रहे है। विपक्षी दलों की जनता के बीच में कहीं उपस्थिति दिख नहीं रही है। विपक्ष अपनी निश्चित हार से आश्वस्त होकर जनता के बीच जाना ही नहीं चाहता। विपक्ष ने अपनी हार के बहाने तलाशना शुरू कर दिया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लगातार विभिन्न अभियानों, कार्यक्रमों, रैलियों, सभाओं तथा जनसम्पर्क के माध्यम से लगातार जनता के बीच में है। मोदी–योगी सरकार ने जो काम किये है, उसके आधार पर भाजपा को अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को पूर्ण करने में उत्तर प्रदेश अपना शत प्रतिशत योगदान देगा। हमारी पार्टी का जो संकल्प है हम उसे मिलकर पूरा कर रहे है। प्रदेश में जो वातावरण है उसके अनुसार परिणाम हमारी अपेक्षा के अनुसार रहेगा और उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटें भाजपा जीतेगी।

# बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा पर हुआ एकदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

लखनऊ(आरएनएस) बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में दिनांक 24 अप्रैल को संस्कृत एवं वैदिक अध्ययन विभाग द्वारा ष्भारतीय ज्ञान परंपरा रू दृष्टि एवं सृष्टिष् विषय पर एकदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से आये प्रतिभागियों ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के कुलपति प्रो० श्रीनिवासद्द वरखेड़ी एवं जगतगुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय, चित्रकूट के कुलपति प्रो० शिशिर कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मंच पर संस्कृत एवं भारतीय अध्ययन विद्यापीठ के संकायाध्यक्ष प्रो० सर्वेश कुमार सिंह, संस्कृत एवं वैदिक अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो० रिपु सूदन सिंह, कार्यक्रम समन्वयक डॉ० विपिन कुमार झा और डॉ० रमेश चन्द्र नेहलवाल मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत बाबासाहेब के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इसके पश्चात आयोजन समिति की ओर से अतिथियों एवं शिक्षकों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृतिचिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम प्रो० रिपु सूदन सिंह ने सभीद्द को अतिथियों के परिचय से अवगत करायाद्द। इसके पश्चात डॉ० विपिन कुमार झा ने संगोष्ठी के उद्देश्य एवं रूपरेखा से संबंधित जानकारी दी। मंच संचालन का कार्य डॉ० रमेश चन्द्र नेहलवाल द्वारा किया गया।

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के कुलपति प्रो० श्रीनिवासद्द वरखेड़ी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कृत भाषा भारत के भविष्य के लिए आवश्यक हैद्द क्योंकि भारत संस्कृति एवंद्द सभ्यता पर आधारित एक अखंड राष्ट्र है। इसीलिए नये एवं विकसित भारत की संकल्पना के साथ संस्कृत भाषा का वर्चस्व भी जुड़ा है। जगतगुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय, चित्रकूट के कुलपति प्रो० शिशिर कुमार पाण्डेय ने चर्चा के दौरान कहा कि संस्कृत वह भाषा है, जिसके बगैर भारतीय भाषाओं का इतिहास लिखा ही नहीं जा सकता। परंतु विडंबना यह है कि दूसरी भाषाओं को समृद्ध करते–करते हम स्वयं इसके अस्तित्व से दूर होते चले गए हैं। प्रो० सर्वेश सिंह ने संस्कृत भाषा के प्राचीन एवं वर्तमान स्वरूप के विषय में विस्तृत चर्चा की। दूसरी ओर प्रो० रिपु सूदन सिंह ने संस्कृत भाषा के पुनर्जागरण पर जोर दिया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में भारतीय दार्शनिक चिंतन, भारतीय सामाजिक व्यवस्था, भारतीय कला शास्त्र , भारतीय भाषाएँ एवं साहित्य, भारतीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं आयुर्विज्ञान विषय पर प्रतिभागियों द्वारा शोधपत्र प्रस्तुत किये गए। संगोष्ठी के अंत में प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समस्त कार्यक्रम के दौरान विभिन्न शिक्षकगण, देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से आयेद्द प्रतिभागी, शोधार्थी एवं विश्वविद्यालय के अन्य विद्यार्थी मौजूद रहे।

# सुन्नी धर्मगुरु मौलाना अब्दुल अलीम फारुकी नहीं रहे

लखनऊ(आरएनएस )। लखनऊ में चौधरी गढ़ियां मोहल्ले में रहने वाले सुन्नी धर्मगुरु मौलाना अब्दुल अलीम फारुकी नहीं रहे। बुधवार को मौलाना फारुकी के निधन की सूचना पर उनके आवास पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। वह जमीयत उलमा–ए–हिंद के उपाध्यक्ष रहे हैं।मौलाना अब्दुल अलीम फारुकी कुछ दिनों से पेंक्रियाज कैंसर से पीड़ित थे और इस दौरान उनका उपचार चल रहा था। सुबह अपने आवास पर ही अचानक से मौलाना फारुकी का इंतकाल हो गया।उनके भांजे मौलाना अब्दुल बुखारी को मौलाना फारुकी के निधन की सबसे पहले जानकारी हुई। अब्दुल बुखारी ने ही रिश्तेदारों को सुन्नी धर्मगुरु के इंतकाल की सूचना दी।जुलूस–ए–मदहे सहाबा का नेतृत्व करने वाले सुन्नी धर्मगुरु मौलाना अब्दुल अलीम फारुकी के इंतकाल से लखनऊ में शोक में डूबे लोगों के लिए धर्मगुरु मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने अपना शोक संदेश दिया। इसी तरह मुस्लिम के शिया और सुन्नी धर्मगुरुओं, सामाजिक संस्थाओं से जुड़े लोगों और राजनीतिक क्षेत्र से जुड़ें तमाम चेहरों की ओर से भी शोक व्यक्त किया जा रहा है।

# हनुमान मंदिर में विधि विधान से हुआ पूजन हवन

लखनऊ(आरएनएस )। राजधानी के चौक क्षेत्र कला कोठी स्थित हनुमान मंदिर में विधि विधान से पूजन हवन किया गया। मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में पूजन,हवन, सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसे आचार्य राजेश शुक्ला एवं पंडित नीरज अवस्थी,पंकज अवस्थी द्वारा संकट मोचक हनुमान का पूजन यज्ञ संपन्न कराया गया।इसके तत्पश्चात सभी भक्तगण सुंदरकांड का पाठ किया। वहीं पूजन हवन के दौरान चौक समाचार पत्र वितरक कल्याण समिति के चौक डिपो अध्यक्ष प्रदीप कुमार वर्मा, अंकुर दीक्षित,मोहित शर्मा, गोपाल नाथ शर्मा, मुरारी लाल यादव,राजेंद्र सिंह, वासुदेव पाल,शुभम कश्यप, रामनारायण, पवन निषाद व अन्य स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# एलडीए सभागार में वोटिंग मत प्रतिशत बढाने का हुआ मंथन

लखनऊ(आरएनएस )। लोक सभा चुनाव के मद्देनजर आज एलडीए के सभागार में राजधानी के आला अफसरों की प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान बढ़ाने के लिए प्रशासन द्वारा उठाए गए कदमों को व्यक्त किया। लखनऊ डीएम ने प्रेस कांफ्रेंस में विभिन्न विषयों पर पत्रकारों से सीधे बात करते हुए बताया कि इस बार चुनाव मेंमतदान बढ़ाने के लिए कई प्रकार के निर्णय लिए गए हैं, उन्होंने बताया कि 26 अप्रैल को नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ होगी , 20 मई को मतदान होगा जिसमें लखनऊ लोकसभा ,मोहनलालगंज लोकसभा सामान्य निर्वाचन हैं और 173 विधानसभा उपचुनाव शामिल है।डीएम ने बताया कि उन्होंने आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए उनसे मतदान बढ़ाने हेतु सुझाव मांगे व उनकी समस्याओं को भी सुना तथा उन कारकों जिनकी वजह से मतदान कम रहता है उसे दूर कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया।मतदाताओं को जागरूक कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर एक उद्देश के तहत लखनऊ ग्रामीण क्षेत्र और शहरी क्षेत्र में आह्वान किया। आगे उन्होने बताया 2019 में लखनऊ लोकसभा में कुल 35 लाख मतदाता थे जिसमें 15 लाख ने अपने मतदान अधिकार का उपयोग नहीं किया था जिसको लेकर 2024 में प्रशासन ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने को कमर कस ली है। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होने बताया की इलेक्शन कमिशन द्वारा चलाए जा रहे पोर्टल ' अवजमत.मबप.हवअ.पद' पर जाकर नागरिक अपना नाम , सीरियल नंबर, बूथ, साथ ही नागरिक बीएलओ, एसडीएम, एवम ईआरओ का नंबर भी प्राप्त कर सकते है और अपनी मतदान पर्ची भी निकल सकते है तथा चुनाव से संबंधित अन्य समस्याओं का निराकरण कर सकते है।उन्होंने बताया इलेक्शन कमिशन निर्धारित समय सीमा के अंदर पर्चियां भी पहुंचाएगा। आगे बात करते हुए डीएम ने बताया कि 26 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ होने के बाद अलग अलग दिनांक को जो कार्यवाहियां होनी है उसकी प्रशासन ने तैयारी कर ली है। डीएम ने कहा बुजुर्गों, दिव्यांजन के साथ आम जन के लिए भी मौसम को ध्यान में रखते हुए कई प्रकार के इंतजाम किया गया है। उन्होंने जानकारी साझा करते हुए बताया कि ईसीआई की मतदाता सूची नगरीय निकाय चुनावों से भिन्न होती है तथा चुनावों में वही मतदान कर सकता है जिसका नाम मतदाता सूची में शामिल है।

# 'प्रदेश में गर्मी और लू से बचाव हेतु उ0प्र0 राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा जारी किये दिशा निर्देश

लखनऊा(आरएनएस) जलवायु परिवर्तन के कारण पूरे देश में गर्मी की तीव्रता बढ़ी है। प्रदेश में गर्मी दस्तक दे चुकी है। मार्च के अन्तिम सप्ताह में पिछले वर्ष के सापेक्ष 02 से 03 डिग्री तापमान अधिक रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (प्डक) के अनुसार माह अप्रैल से जून के मध्य सामान्य से अधिक तापमान रहने की आशंका है। देश में सात चरणों में हो रहे आम चुनाव के दौरान गर्मी का प्रकोप रहेगा। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मा0 उपाध्यक्ष ले0 जनरल योगेन्द्र डिमरी, पी0वी0एस0एम0, ए0वी0एस0एम0, वी0एस0एम0( (से.नि.) ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा माह मार्च में ही उ0प्र0 स्टेट हीटवेव एक्शन प्लान–2024 तैयार कर समस्त विभागों एवं जनपदों को उपलब्ध करा दिया गया है, जिसमें लू से बचाव हेतु विभागवार जिम्मेदारियाँ निर्धारित की गई हैं। प्रदेश के समस्त जनपदों के द्वारा भी जिला हीटवेव एक्शन प्लान तैयार कर लिया गया है और जनपद स्तर पर हीटवेव से बचाव हेतु निरंतर एडवाइजरी जारी की जा रही है। उन्होने बताया कि प्राधिकरण द्वारा हीटवेव से बचाव हेतु विभिन्न प्रकार के पोस्टर मण्डल, तहसील, ब्लाक एवं ग्राम पंचायत स्तर तक वितरण हेतु उपलब्ध कराये गये है। उपाध्यक्ष डिमरी ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि कड़ी धूप में विशेषकर 12 बजे से 03 बजे तक, अनावश्यक बाहर न निकलें, प्यास न लगने पर भी बार–बार पानी पियें हल्के रंग के ढीले सूती कपड़ेे पहनें, धूप से बचने के लिए गमछा, टोपी, छाता, धूप का चश्मा का इस्तेमाल करें। यात्रा के दौरान साथ में पानी अवश्य रखेंयदि बाहर जाना आवश्यक है तो गीले कपड़े को अपने सिर और गर्दन पर रखेंघर मे बना पेय पदार्थ जैसे–लस्सी, नमक–चीनी का घोल, नीबू का पानी, छाछ इत्यादि का प्रयोग करें खाना बनाते समय खिड़कियाँ खुली रखें। शराब, काफी जैसे पेय पदार्थों का सेवन न करें। धूप में खड़ेे वाहनो में बच्चों एवं पालतू जानवरों को न छोड़ेें, स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को सुने और तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सतर्क रहें।

# पहले चरण के चुनाव के बाद भाजप की भाषा और भाषण बदल गए– अखिलेश यादव

लखानऊा(आरएनएस) समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि पहले चरण में पश्चिम से जो हवा चली है, भाजपा का सफाया करती जा रही है। भाजपा नेताओं की भाषा और भाषण बदल गए हैं। पहले चरण ने रुझान दे दिया है। किसान, गरीब, नौजवान, अल्पसंख्यक भाजपा के खिलाफ खड़े है। भाजपा इस चुनाव में इतिहास बन जाएगी। इंडिया गठबंधन में देश का भविष्य दिखाई दे रहा है। बीजेपी का झूठ जनता के सामने उजागर हो रहा है। उनके नेताओं के भाषण, उनका घोषणा पत्र सब झूठ है। भाजपा सबसे झूठी पार्टी है। उसका का झूठ सब समझ चुके हैं। भाजपा का कोई काम जमीन पर नहीं दिखाई दे रहा है। मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र के ताखा ब्लाक में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने चुनावी चंदे के नाम पर भारी भ्रष्टाचार किया है। वसूली की है। इतिहास में इतनी वसूली किसी ने नहीं की, जितना भाजपा ने की है।अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स से दबाव बनाकर वसूली की। हजार–हजार करोड़ रूपए वसूला। वैक्सीन बनाने वाली कम्पनी से भी वसूली कर ली। कोरोना भगाने के लिए थाली और ताली बजवाई। पहले ये जुमला देते थे, अब गारन्टी के नाम पर झांसा दे रहे है। इनकी गारन्टी झूठी है। भाजपा ने किसानों को धोखा दिया। मदद और राहत नहीं दी। बड़े–बड़े उद्योगपतियों का 15 लाख करोड़ रूपये का कर्ज माफ कर दिया। किसानों का कर्ज नहीं माफ किया। कर्ज उनका माफ किया जिन्होंने पांच करोड़ से ज्यादा का कर्ज लिया था। चुनावी चंदे की वसूली के कारण देश में महंगाई बढ़ी। हर परिवार महंगाई से परेशान है। इंडिया गठबंधन की सरकार आने पर किसानों का कर्ज माफ होगा। फसलों को एमएसपी का कानूनी अधिकार मिलेगा। किसान, नौजवान भाजपा सरकार के खिलाफ इंडिया गठबंधन के पक्ष में वोट कर रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के दस साल में नौजवानों का एक तिहाई जीवन बर्बाद हो गया। नौकरी, रोजगार नहीं मिला। भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए। ये सब पेपर जानबूझकर लीक कराये गये। भाजपा ने 60 लाख नौजवानों का भविष्य बर्बाद कर दिया। किसान, नौजवान, गरीब, मध्यम वर्ग पूरी तरह भाजपा के खिलाफ है। भाजपा घबराई हुई है। कहा कि भाजपा सरकार ने कोई काम नहीं किया। किसानों का गेहूं नहीं खरीदा जा रहा है। किसानों का गेंहू सरकार नहीं खरीद रही है। बड़ी–बड़ी कम्पनियां फसल खरीद रही है। वही कम्पनियां मुनाफा कमा रही है। किसानों को कोई लाभ नहीं मिल रहा है। इसीलिए हमने घोषणा पत्र में वादा किया है कि दिल्ली में सरकार बनने पर गरीबों को मुफ्त राशन के साथ खाने के लिए पैक्ड आटा और मोबाइल चलाने के लिए डाटा दिया जाएगा। आज के समय में मोबाइल, लैपटॉप चलाने के लिए डाटा जरूरी है। कोरोना काल में ऑनलाइन पढ़ाई मोबाइल से हुई। ऑनलाइन पढाई और जानकारी के लिए मोबाइल डाटा आवश्यक है। समाजवादी पार्टी ने लैपटॉप बांटा, भाजपा ने झूठा वादा किया। लैपटॉप नहीं दिया। समाजवादी सरकार ने डिजिटल डिवाइड दूर किया।

# वेंडरों को मण्डल के सभी विभागों का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा

लखनऊ(आरएनएस )। उत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल कार्यालय के सभागार मे एक महत्वपूर्ण बैठक का बुधवार को आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य गैर–किराया राजस्व और नई अभिनव गैर–किराया राजस्व विचार योजना के संबंध में वेंडर्स के साथ विचार–विमर्श करना था। आज की इस बैठक में 18 वेंडर्स सम्मिलित हुए, इस महत्वपूर्ण बैठक में वेंडर्स ने अपने प्रस्तावों और नवाचारों को साझा किया, जोकि मण्डल के राजस्व वृद्धि में मददगार हो सकते हैं।बैठक में, डीआरएम एसएम शर्मा ने लखनऊ मण्डल द्वारा पिछले वर्षों में की गई गैर–किराया राजस्व की उपलब्धियों के बारे में भी जानकारी साझा की, और यह अवगत कराया कि वित्तीय वर्ष 2022–2023 की तुलना मे गत वित्तीय वर्ष 2023–2024 मे मण्डल द्वारा गैर– किराया राजस्व मे लगभग दोगुनी आय अर्जित की जोकि रुपए 6.47 करोड़ रही।

# द्वितीय चरण की 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनाव मैदान में 91 उम्मीदवार

संवाददाता।

लखनऊ ।उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए निर्वाचन की प्रक्रिया चल रही है। प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के द्वितीय चरण की 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच व प्रत्याशियों द्वारा नाम वापसी के पश्चात् 91 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है, जिसमें 10 महिला प्रत्याशी हैं। द्वितीय चरण की 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 1,67,77,198 मतदाता है, जिसमें 90,26,051 पुरुष मतदाता, 77,50,356 महिला मतदाता व 791 थर्ड जेण्डर हैं।09–अमरोहा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। भारतीय जनता पार्टी से कंवर सिंह तंवर, इंडियन नेशनल काँग्रेस से कुँवर दानिश अली, बहुजन समाज पार्टी से मुजाहिद हुसैन, अखिल भारतीय परिवार पार्टी से सुहैल हैदर, निर्दलीय प्रत्याशियों में काशिफ हुसैन, कुमदेश कुमार, कुशाग्र, जीतपाल राणा, दानिश, नईम उद्दीन, नरेन्द्र सिंह, सुरेश हैं।अमरोहा लोकसभा सीट में कुल 17,16,641 मतदाता है, जिसमें 9,08,551 पुरुष मतदाता, 8,08,035 महिला मतदाता व 55 थर्ड जेण्डर हैं।10–मेरठ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 08 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। भारतीय जनता पार्टी से अरूण गोविल, बहुजन समाज पार्टी से देवव्रत कुमार त्यागी, समाजवादी पार्टी से सुनीता वर्मा, सबसे अच्छी पार्टी से हाजी अफजाल, सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इण्डिया से आबिद हुसैन, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से भूपेन्द्र पाल उर्फ भुप्पी भाई, मजलूम समाज पार्टी से लियाकत, जय हिन्द नेशनल पार्टी से डॉ0 हिमाँशु भटनागर हैं।मेरठ लोकसभा सीट में कुल 20,00,530 मतदाता है, जिसमें 10,75,368 पुरुष मतदाता, 9,25,022 महिला मतदाता व 140 थर्ड जेण्डर हैं। 11–बागपत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 07 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। समाजवादी पार्टी से अमरपाल, बहुजन समाज पार्टी से प्रवीण बंसल, सर्वजन समता पार्टी से महेंद्र सिंग, आजाद अधिकार सेना से मुकेश कुमार शर्मा, राष्ट्रीय लोक दल से डॉ0 राजकुमार सांगवान, सर्वजन लोक शक्ति पार्टी से रूबी कश्यप, स्वतंत्र जनताराज पार्टी से सुखवीर सिंह हैं। बागपत लोकसभा सीट में कुल 16,53,146 मतदाता है, जिसमें 8,97,703 पुरुष मतदाता, 7,55,369 महिला मतदाता व 74 थर्ड जेण्डर हैं। 12–गाजियाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। भारतीय जनता पार्टी से अतुल गर्ग, इंडियन नेशनल काँग्रेस से डोली शर्मा, बहुजन समाज पार्टी से नंद किशोर पुंडीर, राष्ट्र निर्माण पार्टी से आनन्द कुमार, राष्ट्रीय जन कर्मठ पार्टी से अंशुल गुप्ता, सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभांस पार्टी) से धीरेन्द्र सिंह भदौरिया, समाज विकास क्रांति पार्टी से नमह, राइट टू रिकॉल पार्टी से पूजा सक्सेना, निर्दलीय प्रत्याशियों में अभिषेक पुंडीर, अवधेश कुमार, औरंगजेब, कविता, नत्थूसिंह चौधरी, रवि कुमार पांचाल हैं। गाजियाबाद लोकसभा सीट में कुल 29,45,487 मतदाता है, जिसमें 16,23,506 पुरुष मतदाता, 13,21,804 महिला मतदाता व 177 थर्ड जेण्डर हैं। 13–गौतमबुद्धनगर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। समाजवादी पार्टी से डॉ0 महेन्द्र सिंह नागर, भारतीय जनता पार्टी से डॉ0 महेश शर्मा, बहुजन समाज पार्टी से राजेन्द्र सिंह सोलंकी, नेशनल पार्टी से किशोर सिंह, भारतीय राष्ट्रीय जनसत्ता से नरेश नौटियाल, सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभांस पार्टी) से नारावेदश्वर, वीर के वीर इंजियन पार्टी से भीम प्रकाश जिज्ञासु, अखिल भारतीय परिवार पार्टी से मनीष कुमार द्विवेदी, सुपर पॉवर इण्डिया पार्टी से रण सिंह डुडी, जय हिन्द नेशनल पार्टी से राजीव मिश्रा, लोकतांत्रिक जनशक्ति पार्टी से कु0 शालू, निर्दलीय प्रत्याशियों में पराग कौशिक, महकार सिंह, मौ0 मुमताज आलम, शिवम आशुतोष हैं। गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट में कुल 26,75,148 मतदाता है, जिसमें 14,50,795 पुरुष मतदाता, 12,24,234 महिला मतदाता व 119 थर्ड जेण्डर हैं। 14–बुलन्दशहर (अ0जा0) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 06 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। बहुजन समाज पार्टी से गिरीश चन्द्र, भारतीय जनता पार्टी से डॉ0 भोला सिंह, इंडियन नेशनल काँग्रेस से शिवराम, ऋषिवादी कर्म शील युवा परमार्थी पार्टी से राजेश तुरैहा, निर्दलीय प्रत्याशियों में प्रदीप कुमार, सोनम भारती है। बुलन्दशहर लोकसभा सीट में कुल 18,59,462 मतदाता है, जिसमें 9,75,287 पुरुष मतदाता, 8,84,126 महिला मतदाता व 49 थर्ड जेण्डर हैं। 15–अलीगढ़ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। समाजवादी पार्टी से बिजेन्द्र सिंह, भारतीय जनता पार्टी से सतीश कुमार गौतम, बहुजन समाज पार्टी से हितेन्द्र कुमार उर्फ बंटी उपाध्याय, समान अधिकार पार्टी से मनोज कुमार उर्फ मनोज लोधी, लोकतांत्रिक जनशक्ति पार्टी से मनोज कुमार शर्मा एडवोकेट, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से राज कुमार, स्वतंत्र जनताराज पार्टी से सतीश कुमार, मौलिक अधिकार पार्टी से सुरेन्द्र, निर्दलीय प्रत्याशियों में केशव देव उर्फ पण्डित केशव देव गौतम, दिलीप शर्मा एड0, महेश चन्द्र शर्मा, राजेश कुमार, सतीश कुमार, ज्ञानी राम है। अलीगढ़ लोकसभा सीट में कुल 19,97,234 मतदाता है, जिसमें 10,62,470 पुरुष मतदाता, 9,34,652 महिला मतदाता व 112 थर्ड जेण्डर हैं।

17–मथुरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इंडियन नेशनल काँग्रेस से मुकेश धनगर, बहुजन समाज पार्टी से सुरेश सिंह, भारतीय जनता पार्टी से हेमामालिनी धर्मेन्द्र देओल, राष्ट्रीय समता विकास पार्टी से जगदीश प्रसाद कौशिक एडवोकेट, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से सुरेश चन्द्र वघेल, निर्दलीय प्रत्याशियों में कमल कान्त शर्मा, क्षेत्र पाल सिंह, प्रवेशानन्द पुरी, भानू प्रताप सिंह, मौनी फलहारी बापू, योगेश कुमार तालान, रवि वर्मा, डॉ0 रश्मि यादव, राकेश कुमार, शिखा शर्मा हैं। मथुरा लोकसभा सीट में कुल 19,29,550 मतदाता है, जिसमें 10,32,371 पुरुष मतदाता, 8,97,114 महिला मतदाता व 65 थर्ड जेण्डर हैं। प्रदेश में द्वितीय चरण की 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत 40 विधानसभा आती है, जोकि अमरोहा, हापुड़, मरेठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़ एवं मथुरा जनपद में स्थित है।

# भाजपा ने देश की जनता, किसानों, नौजवानों से झूठे वादे किए डिम्पल यादव

लखनऊा (आरएनएस) समाजवादी पार्टी की मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र से सांसद डिम्पल यादव आज उन्नाव से इंडिया गठबंधन की समाजवादी पार्टी प्रत्याशी अन्नू टंडन के नामांकन जुलूस में शामिल हुई। नामांकन जुलूस के बाद डिम्पल यादव ने रामलीला मैदान में जनसभा को सम्बोधित किया और रोड–शो में भाग लिया।

डिम्पल यादव ने कहा कि भाजपा ने देश की जनता, किसानों, नौजवानों से झूठे वादे किए। भाजपा सरकार नौकरी रोजगार के नाम पर जीरो है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से हर वर्ग परेशान है। भाजपा सरकार ने युवाओं को हर साल दो करोड़ नौकरी देने का वादा किया था लेकिन नौकरियां नहीं दी उल्टे भाजपा सरकार के फैसलों से नौकरियां छिन गयी। बड़ी संख्या में लोग बेरोजगार हो गये। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में नौकरियों के लिए भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हो गए। पेपर लीक कहीं न कहीं भाजपा की सोची समझी साजिश है। पढ़े लिखे युवाओं की मेहनत पर पानी फिर गया। भाजपा नौकरी नहीं देना चाहती है। जानबूझकर पेपर लीक कराये गए। भाजपा सरकार में महिलाओं के साथ अन्याय और अपराध बढ़ा है। सरकार सुरक्षा देने में विफल है। समाजवादी सरकार में महिला सुरक्षा के लिए 1090 वूमेन पावर सेवा शुरू की थी। भाजपा सरकार ने उसे भी बर्बाद कर दिया। भाजपा ने महिलाओं का हक और सम्मान छीन लिया है। डायल–100 सेवा का नाम बदल कर बर्बाद कर दिया। भाजपा ने समाज में नफरत फैलाया। भेदभाव किया। विकास का कोई काम नहीं किया। डिम्पल यादव ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र और संविधान को खत्म करना चाहती है।

# बारातियों को लेकर जा रही पिकअप पलटी, किशोर समेत दो की मौत



सुल्तानपुर(आरएनएस)। बीती रात बड़ा हादसा हुआ है। बारातियों को लेकर लौट रही पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें किशोर समेत दो की मौत हुई है। वही दर्जन भर लोग घायल हुए हैं। कुछ का लंभुआ सीएचसी तो कई लोगों का राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज जारी है। घटना लंभुआ कोतवाली क्षेत्र की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के अवसानपुर में केशव राम यादव के घर से बारात गई थी। देर रात करीब दो बजे के आसपास पिकअप से दर्जन भर से अधिक बाराती लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि पिकअप जब गराएं रोड पर पहुंची तो कोतवाली क्षेत्र के सैतापुर सरांय गांव के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे पिकअप पर सवार बाराती घायल हुए और घटनास्थल पर कोहराम मच गया। आनन–फानन में सभी घायल बारातियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंभुआ लाया गया। जहां एक को डॉक्टर ने मृत घोषित किया। मृतक की पहचान सिंघम (12वर्ष) पुत्र अशोक सरोज निवासी देवी बीरपुर लंभुआ के रूप में हुई। यहां से दर्जन भर घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। घायलों में सचिन कुमार निवासी लंभुआ, आदर्श धुरिया निवासी सेमरी राजापुर लंभुआ, कमला प्रसाद निवासी लंभुआ, गुड्डू निवासी जयसिंहपुर, सूरज निवासी जयसिंहपुर, महेश सरोज पुत्र सोमनाथ सरोज, मयंक सरोज पुत्र राकेश सरोज, पीएम सरोज पुत्र राजेश सरोज, निवासी देवरी वीरापुर, अशोक कुमार धुरिया निवासीसेमरी राजापुर को राजकीय मेडिकल कॉलेज में एडमिट किया गया। यहां सचिन और गुड्डू की हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने लखनऊ रेफर किया। जहां रास्ते में सचिन (19वर्ष) की मौत हो गई। अन्य घायलों का सर्जिकल वार्ड में इलाज जारी है। सीओ लंभुआ अब्दुस सलाम ने बताया कि पिकअप गाड़ी लगभग 80 की स्पीड में मोड़ पर टर्न ले रही थी। जिस कारण हादसा हुआ। इसमें एक की मौके पर व दूसरे की लखनऊ ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम में भेजकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव मैं बीटेक, बीसीए एवं एमसीए के 21 छात्रों को मिला रोजगार

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में देश की अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनि टैक्सट्रॉन टेक्नोलॉजीज प्रा. लि. का प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। समन्वयक डा संदीप अग्रवाल ने बताया की टैक्सट्रॉन टेक्नोलॉजीज प्रा. लि. कंपनी एम्बेडेड एप्लीकेशन डेवलपमेंट और मैकेनिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में विशेषज्ञता रखती है। कंपनी पूरे भारत में औद्योगिक ग्राहकों को समाधान प्रदान करती है। प्लेसमेंट ड्राइव बी.टेक, बीसीए और एमसीए के छात्रों के कुल



95 छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से लिखित परीक्षा एवं इंटरव्यू के बाद 21 छात्रों को चयनित किया गया है। इनमें से 13 छात्रों को ट्रेनी इंजीनियर और 9 छात्रों को नेटवर्क ट्रेनी इंजीनियर के पद पर चयनित किया गया है। साथ ही 5 छात्रों को इंटर्नशिप का भी अवसर मिला।

इस कार्यक्रम मैं कंपनी के राष्ट्रीय प्रमुख श्री लोकेश कुमार सिंह और हेड ऑपरेशन श्री तुमुल जायसवाल उपास्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में कंपनी के प्रतिनिधियों ने छात्रों को विभिन्न पदों, वेतन पैकेज, कार्य समय और अन्य शर्तों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के प्रो एम एम सिंह ने इस प्लेसमेंट ड्राइव मै चयनित छात्रों को बधाई दी। उन्होंने ड्राइव में भाग लेने वाले छात्रों की सराहना की और उन्हें अपने शब्दों से प्रोत्साहित और प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर संजय सिंह सेंगर, अंकित सिंह राठौर,संजय कुमार निषाद, प्रज्ञा सुमन मौजूद रहे।

# अनियंत्रित ट्रक ने कई दुकानों को किया क्षतिग्रस्त





गोसाईगंज–अयोध्या (आरएनएस)। गोसाईगंज कस्बे के पूर्वी सिरे पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास बीती रात्रि में एक ट्रक व कार की जबरदस्त टक्कर हो गयी।टक्कर के बाद जंहा ट्रक कई दुकानों को तोड़ती हुई पलट गई वंही कार में सवार तीन व्यक्ति बुरी तरह से घायल हो गए। जिसमे दो की हालत गम्भीर बताई जा रही है। घटना मंगलवार की रात्रि दो बजे के आसपास की है। यूपी 65 एटी 9415ट्रक बहराइच से चूनी लादकर वाराणसी जा रहा था।वह जैसे ही गोसाईगंज कस्बे के पूरी छोर पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास पहुंचा कि तभी अकबरपुर की तरफ से आ रही कार यूपी 43 आर 2286 अनियंत्रित होकर ट्रक से जा भिड़ी।टक्कर लगने के बाद ट्रक भी अनियंत्रित हो गयी और शिवम इलेक्ट्रिक,साई मोटर पार्ट्स,दिल्ली बैरिंग हाउस व मोटर गैरेज सहित कई दुकानों को तोड़ती हुई पलट गई और कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी।शोर सुनकर घरों से निकले लोगो ने पुलिस को सूचित किया और बचाव में जुट गए।इसी बीच मौका पाकर ट्रक चालक व क्लीनर फरार हो गए।लोगो ने कार सवारो को किसी तरह कार से बाहर निकाला।पुलिस जब तक पहुंचती तब तक कार सवार लोगो ने किसी वाहन को बुलाया और घायलों को लेकर चिकित्सा के लिए निकल गए।पुलिस के मुताबिक कार में कई शराब की बोतले मिली है।अनुमान लगाया जाता है कि कार सवार किसी वैवाहिक कार्यक्रम से लौट रहे थे और पूरी तरह से शराब के नशे में थे,जिससे कार पर अपना नियंत्रण खो दिया।गनीमत यह रही कि घटना रात के समय हुई अन्यथा काफी भीड़ भाड़ वाला स्थान होने के कारण काफी बड़ा हादसा हो सकता था।एसएचओ परशुराम ओझा के मुताबिक कार सवार लोगो की की कोई पहचान नही हो सकी है।अलबत्ता कार में मिले कागजातों के आधार पर कार अयोध्या जनपद के प्रशांत कुमार मिश्रा निवासी बनबीरपुर गोपालपुर की निकली है।कार में सवार लोग कौन है,कँहा से आ रहे थे और कँहा जा रहे थे,घायलों की क्या हालत है इसकी जानकारी के लिए पुलिस जुटी हुई है।खबर प्रेषण तक काफी प्रयास के बावजूद घायलों की कोई पहचान नही हो सकी है।

## कक्षा 6 तक के बच्चों का समय बदलने की मांग

अयोध्या (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह तथा जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने जिला अधिकारी को पत्र देकर जनपद की समस्त सीबीएसई बोर्ड व यूपी बोर्ड के स्कूलों में नर्सरी से लेकर कक्षा 6 तक के बच्चों का समय बदलने की मांग की । नेताओं ने जिलाधिकारी को भेजे पत्र में कहा कि सुबह 6:30 बजे निकलने वाले बच्चे दोपहर में 2:00 बजे छुट्टी होने पर कड़ी धूप में घर आते हैं ऐसे में उनकी तबीयत बिगड़ रही है,। ऐसे में स्कूलों नर्सरी से कक्षा 6 के बच्चों का छुट्टी 12:00 बजे तक कर दिया जाए या तो इन क्लास के बच्चों को गर्मी की छुट्टी कर दी जाए।

# अज्ञात वाहन ने युवक को मारी टक्कर, मौत

सुल्तानपुर(आरएनएस)। एक युवक को उसकी मौत उसके घर तक घेर कर ले आई। दरअस्ल लुधियाना से तीन दिन पूर्व घर आया युवक सुसराल गया हुआ था। वहां से लौटने पर पैदल सड़क पार कर रहा था कि अचानक अयोध्या–प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। वो दस फीट दूर जाकर गिरा और सिर में चोट आने के कारण उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार धनपतगंज थाना क्षेत्र के पूरे मंशा तिवारी का पुरवा पीपर गांव निवासी कन्हैयालाल (32) पुत्र नन्हेलाल सोनी लुधियाना में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। बताया जा रहा है कि वह तीन दिन पहले ही लुधियाना से घर लौटकर आया था। कन्हैयालाल मंगलवार शाम को गोसाईंगंज थानाक्षेत्र के भरतीपुर गांव में अपनी ससुराल गया हुआ था। वहां से लौटने पर वह अयोध्या–प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग के रास्ते कूरेभार की तरफ पैदल जा रहा था। अभी वह थानाक्षेत्र के बम्हरौली मोड़ पर ढाबे के सामने पहुंचा था कि अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि युवक सड़क पर 10 फीट दूर जा गिरा। उसके सिर पर दाहिने तरफ गंभीर चोट लग गई। इस कारण उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे द्वारिकागंज चौकी इंचार्ज अमित सिंह ने पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वही घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# मौलना अब्दुल अलीम फारुकी साहब के इंतेकाल से पसमांदा मुस्लिम समाज आहत

लखनऊ रूविश्व विख्यात मुस्लिम धर्मगुरु, तहफ्फुज नामूस ए सहाबा के अध्यक्ष,दारुल उलूम देवबंद और दारुल उलूम नवतुल उलेमा के सलाहकार समिति के सदस्य हजरत मौलना अब्दुल अलीम फारूकी साहब के इंतेकाल से पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी साहब को दिली सदमा पहुंचा है।अनीस मंसूरी साहब ने अपने ताजियती पैगाम (शोक सन्देश) में कहा की मरहूम हजरत मौलाना अब्दुल अलीम फारूकी साहब इमाम अहले सुन्नत हजरत मौलना अब्दुल शकूर साहब के सच्चे जा नशीन थे उन्होंने समाज सुधार के लिए बड़े काम किये है उनकी समाज सुधार की खिदमात (सेवाओं )को भुलाया नहीं जा सकता।



अनीस मंसूरी ने कहा की जुलूस ए मदहे सहाबा के लिए उनकी बेशुमार कुर्बानियों को हमेशा याद किया जायेगा, हजरत मौलना फारूकी साहब एक अच्छे स्पीकर और आला दर्जे के इस्लामिक स्कालर के साथ ही देश में सौहार्द, भाईचारा, अमन,शांति के अलमबरदार थे।

अनीस मंसूरी आज ऐशबाग कब्रिस्तान में हजरत मौलना की तदफीन में शरीक हुए, अनीस मंसूरी ने कहा कि हजरत फारूकी साहब का दार ए फानी से जाना उम्मत के लिए बडा खासारा है, अनीस मंसूरी साहब के साथ मौलना इलियास मंसूरी, हाजी शकील अहमद शब्बन मंसूरी, राम प्रकाश मौर्य, नरेंद्र सिंह, अनिल कश्यप, इशतियाक मंसूरी ने तदफीन में शिरकत की।हजरत मौलना अब्दुल अलीम फारूकी साहब के इसाल ए सवाब के लिए 26,अप्रैल 2024 को बाद नमाज ए जुमा पसमांदा मुस्लिम समाज कार्यालय पर कुरआन ख्वानी का एहतमाम किया जायेगा।

# संदिग्ध परिस्थितयों में युवक का पंखे से लटकता मिला शव

सुल्तानपुर। एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितयों में आत्महत्या कर लिया। घर के बरामदे में पंखे से रस्सी के सहारे शव लटकता पाया गया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। घटना गोसाईगंज थानाक्षेत्र के बरुई गांव की है। गांव निवासी संदीप सिंह उर्फ पंकज (35) पुत्र स्व. राम बहादुर सिंह के परिवारीजन बहन के घर शादी में शामिल होने गए हुए थे। संदीप सिंह मंगलवार को घर पर अकेला था। बुधवार को जब परिवारीजन लौटे तो क्या देखा संदीप का शव बरामदे के छत में लगे पंखे से रस्सी के सहारे लटक रहा है। घटना की जानकारी होने पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने पंचायत नामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताया जा रहा है कि मृतक संदीप सिंह अपने पीछे पत्नी नीलम उर्फ नीलू व पुत्र रणवीर और रणधीर को छोड़ गया है। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिस ने यूपी गैंगस्टर के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

## –दूसरे की तलाश जारी, डीएम के संस्तुति पर दर्ज हुआ था मुकदमा





मिल्कीपुर–अयोध्या (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी छोटू इन्दल के ऊपर पूर्व में भी थाना कोतवाली इनायत नगर में लूट और हत्या करने का प्रयास समेत अन्य कई गंभीर धराओं में मुकदमा दर्ज है। जिलाधिकारी की संस्तुति के बाद यूपी गैंगस्टर के तहत मुकदमा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली इनायत नगर पुलिस ने यूपी गैंगस्टर के मुकदमे में वांछित चल रहे छोटू इन्दल पुत्र महावीर राजभर निवासी चितबिसावा रतनपुर थाना महाराजगंज को कोतवाली इनायत नगर के उपनिरीक्षक अमर बहादुर पटेल और कांस्टेबल संदीप सिंह अयोध्या रायबरेली नेशनल हाईवे स्थित पांच नम्बर बीएसएनल टावर तिराहे से पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर थाने ले गई। जहां उस पर विधिक कार्रवाई करते हुए पुलिस ने न्यायालय भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली इनायत नगर संदीप कुमार सिंह ने बताया कि छोटू इन्दल के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 20ध्24 ध ारा 395, 412, 120 बी व मुकदमा अपराध संख्या 22ध्24 ध ारा 399, 402, 307, व 3ध्25, 5ध्27 आर्मस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया जा चुका है। गैंग के सदस्यों के साथ आर्थिक भौतिक लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से षड्यंत्र करके डकैती करने जैसे जघन्य अपराध कारित करते रहते है। जिसके कारण क्षेत्र की जनता में भय एवं आतंक का माहौल व्याप्त है। इनके डर के कारण जनता का कोई भी व्यक्ति गवाही देने का साहस नही कर पाता है। जिलाधिकारी अयोध्या की संस्तुति के बाद मुकदमा अपराध संख्या 184ध्24 धारा 3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी की पुलिस को तलाश थी, लेकिन आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर हो जा रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक ने यह भी बताया कि गिरोह में पांच सदस्य काम करते थे जिसमें से तीन लोगों को पहले जेल भेज दिया गया था वहीं पुलिस टीम ने एक आरोपी को आज गिरफ्तार किया है। गैंग के एक आरोपी की तलाश पुलिस टीम द्वारा की जा रही है जल्द ही उसको भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# मौजूदा सरकार ने देश को सभी मोर्चों पर किया नाकाम अरविंद सेन यादव

अयोध्या (आरएनएस)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी अरविंद सेन यादव ने कहा कि पार्टी का लक्ष्य केन्द्र से भाजपा सरकार हटाकर धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक सरकार बनाना है। पार्टी फैजाबाद लोकसभा चुनाव जीत कर दिल्ली में इंडिया गठबंधन की सरकार बनायेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार ने देश को सभी मोर्चों पर नाकाम किया है, विदेशों में देश को कमजोर किया है।यह स्वतंत्र भारत की सबसे कमजोर सरकार साबित हुई है।श्री यादव ने पार्टी के लोकसभा चुनाव के केन्द्रीय कार्यालय के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। सहादतगंज अयोध्या बाईपास पर आरटीओ कार्यालय के समीप खोलें गये कार्यालय कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के जिला सचिव अशोक कुमार तिवारी तथा संचालन मंत्रिपरिषद के सदस्य सूर्य कांत पाण्डेय ने किया। उन्होंने कहा कि सरकार, शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्षा, रोजगार के मामले में असफलता का किर्तिमान बनाया है। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि सरकार दस वर्षों के कार्यकाल में लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक एकता, सहिष्णुता,का गला घोंटा और नफरत की फसल बोई है।

# सी.एम.एस. प्रधानाचार्या शिवानी सिंह स्वामी विवेकानन्द नेशनल प्रिन्सिपल अवार्ड से सम्मानित

लखनऊ, 24 अप्रैल। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस की प्रधानाचार्या श्रीमती शिवानी सिंह को प्रतिष्ठित 'स्वामी विवेकानन्द नेशनल प्रिन्सिपल अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। श्रीमती शिवानी सिंह को यह सम्मान समग्रता से परिपूर्ण उद्देश्यपूर्ण शिक्षा पद्धति के विकास एवं भावी पीढ़ी में चारित्रिक उत्कृष्टता व जीवन मूल्यों को बढ़ावा देने के अतुलनीय योगदान हेतु प्रदान किया गया है। सुश्री शिवानी सिंह को यह प्रतिष्ठित सम्मान ईयू मीडिया के तत्वावधान में गोल्फ सिटी, लखनऊ स्थित होटल 'द सेन्ट्रम' में आयोजित एजूकेटर्स एक्सीलेन्स कान्क्लेव में प्रदान कर सम्मानित किया गया। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस उपलब्धि हेतु श्रीमती शिवानी सिंह को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि सी.एम.एस. प्रधानाचार्याओं एवं शिक्षकों की लगन व कर्तव्यनिष्ठा के बलबूते ही विद्यालय दिन प्रतिदिन नये कीर्तिमान गढ़ रहा है। सी.एम.एस. शिक्षकों ने विद्यालय के 65 वर्षीय शैक्षिक सफर में कई आयाम स्थापित किए हैं जिस पर सिर्फ लखनऊवासियों को ही नहीं अपितु पूरे प्रदेश व देश को गर्व है।





श्रीमती शिवानी सिंह शैक्षिक क्षेत्र में नवीनता व उत्कृष्टता के अभिनव प्रयोग के साथ ही भावी पीढ़ी को शैक्षिक उत्कृष्टता के साथ ही जीवन मूल्यों से जोड़कर कर एक आदर्श नागरिक बनाने के प्रयासों में अनवरत संलग्न हैं, साथ ही समग्रता से परिपूर्ण उद्देश्यपूर्ण शिक्षा पद्धति के विकास में महती भूमिका निभा रही हैं। श्री शर्मा ने आगे कहा कि सी.एम.एस. एक जागरूक विद्यालय के रूप में अपने छात्रों को भौतिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक तीनों प्रकार की शिक्षा देकर उन्हें चुस्त एवं संतुलित व्यक्तित्व का धनी, मानव जाति की सेवा के लिए ईश्वर का उपहार एवं टोटल क्वालिटी पर्सन बनाने में सतत् प्रयासरत है।

# रेल यात्री सुरक्षा जागरुकता अभियान एवं संगोष्ठी का आयोजन

झांसी! वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन पर सीमा तिवारी स्टेशन डायरेक्टर के मुख्य आतिथ्य, ए के सिंह स्टेशन प्रबन्धक, एवं रविन्द्र कुमार कौशिक प्रभारी निरीक्षक आरपीएफ के विशिष्ट आतिथ्य में यात्री जागरूकता अभियान आयोजित किया गया उक्त अवसर पर आरपीएफ मित्र योजना समिति के पं. सियाराम शरण चतुर्वेदी, आनन्द कुमार सक्सेना, राशिद पठान लतेश शर्मा, राम आसरे गुप्ता, अनिल मौर्य, जुगल किशोर कुशवाहा संदीप साहू, अजय अनुरागी, आदि द्वारा प्लेटफार्म पर यात्रियों को पम्पलेट



वितरित कर जागरूक किया तथा अवगत कराया कि यात्रा के दौरान आभूषण पहनकर, मोबाइल हाथ में लेकर खिड़कियों ध दरवाजों के पास न बैठे और न ही मोबाइल सम्बन्धी जानकारी साझा करें, रात्रि में सोते समय खिड़ध्की दरवाजे बन्द रखें, यात्रा के दौरान धूम्रपान एवं मद्यपान न करें, लगेज आदि को सीट के नीचे कड़े से चौन द्वारा बांध कर रखें, संदिग्ध दिखध्ने वाली लावारिस वस्तुओं को न छुयें, तथा इसकी सूचना आर.पी.एफ.ध जी.आर.पी.एफ. को दें। किसी अन्जान व्यक्ति की दी हुई किसी भी वस्तु को ग्रहण न करें उसमें जहर हो सकता। केवल अधिकृत वेंडरों से ही खाने–पीने की चीजें खरीदें। स्टेशन परिसर सफाई पर ध्यान दें, ट्रेन के शौचालयों को स्वच्छ रखें उसमें पानी बोतल या कोई वस्तु न डालें अन्यथा वह चौक हो जायेगा। किसी भी समस्या एवं मदद हेतु मुख्य हेल्पलाइन नं. 139 महिला हेल्पलाइन नं. 1098, रेल सुरक्षा बल झाँसी स्टेशन नं.9794838706 पर सम्पर्क करें कार्यक्रम के पूर्व आयोजित गोष्ठी के दौरान लायन्स क्लब झांसी किंग्स के चार्टर अध्यक्ष लायन आनन्द कुमार सक्सेना एवं सियाराम शरण चतुर्वेदी ने अतिथिगणों सुश्री सीमा तिवारी, ए के सिंह एवं रविन्द्र कुमार कौशिक को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सियाराम शरण चतुर्वेदी ने किया।

# कलेक्ट्रेट में नामांकन प्रक्रिया के दौरान सीसीटीवी कैमरे 24×7 रहेंगे क्रियाशील

झांसी! जिला निर्वाचन अधिकारीध जिलाधिकारी श्री अविनाश कुमार ने झाँसी–ललितपुर लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के अंतर्गत झांसी कलेक्ट्रेट में 26 अप्रैल से होने वाले नामांकन की तैयारियों का जायजा लिया उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर में होने वाले नामांकन के अंतर्गत बेरीकेटिंग का निरीक्षण किया तथा निर्देश दिए कि बेरीकेटिंग मजबूत हो ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोका जा सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों द्वारा नामांकन हेतु कलेक्ट्रेट में आने का रूट प्लान पर भी चर्चा की और निर्देश दिए कि किसी भी दशा में आवागमन बाधित ना हो उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अक्षरस अनुपालन किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नामांकन हेतु आने वाले प्रत्याशियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार ही नामांकन दाखिल करने हेतु जानकारी दिए जाने के निर्देश दिए। प्रत्याशियों को आयोग द्वारा अनुमन्य वाहनों एवं प्रस्तावक के संबंध में पूर्व से ही अवगत करा दिया जाए ताकि भीड़भाड़ से बचा जा सके।



# संपादकीय

## शिकार बनने से बचा जा सकता है

अनुसंधानकर्ताओं की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने हाल में विश्व साइबर अपराध सूचकांक्य तैयार किया है। इसके अनुसार साइबर अपराध के मामले में भारत दुनिया में 10वें स्थान पर है।सूचकांक में 100 देशों को शामिल किया गया है। साइबर अपराध के मामले में रूस शीर्ष पर है, जबकि यूक्रेन दूसरे, चीन तीसरे, अमेरिका चौथे, नाइजीरिया पांचवे, रोमानिया छठे और उत्तर कोरिया सातवे स्थान पर है।भारत में कई तरह के साइबर अपराध होते हैं। हाल के वर्षो में कॉल फॉरवर्डिंग के जरिए साइबर अपराध करने की घटनाओं में उल्लेखनीय तेजी आई है। टेलीकॉम कंपनियां उपभोक्ताओं को कॉल फॉरवर्डिंग की सुविधा देती हैं, जिसके तहत कॉल एवं एसएमएस को फॉर्वड किया जाता है। उपभोक्ताओं को कॉल फॉरवर्डिंग की सुविधा नंबर पर यूएसएसडी बेस्ड कॉल फॉरवर्डिंग की सेवा को एक्टिवेट करने पर मिलती है। यूएसएसडी कोड का इस्तेमाल आम तौर पर बैलेंस या फोन का आईएमईआई नंबर जानने के लिए किया जाता है।यह ऐसा फीचर है, जिसकी मदद से एक कोड डायल करके सेवाओं को शुरू या बंद करवाया जा सकता है। कॉल फॉरवर्डिंग के जरिए स्कैमर कॉल करके उपभोक्ताओं को कहता है, हम आपकी टेलीकॉम प्रोवाइडर कंपनी से बोल रहे हैं। हमने नोटिस किया है कि आपके नंबर पर नेटवर्क की समस्या है। समस्या को दूर करने के लिए आपको स्टार 401 हैशटैगच्य नंबर डायल करना होगा।च्य यह नंबर डायल करने के बाद उपभोक्ता को अंजान नंबर पर कॉल करने के लिए कहा जाता है। जैसे ही, उपभोक्ता कॉल करता है, उसके सभी कॉल और मैसेज स्कैमर के पास पहुंच जाते हैं, जिनमें बैंक और क्रेडिट कार्ड से किए जाने वाले लेन–देन के ओटीपी भी शामिल होते हैं। कॉल और ओटीपी का इस्तेमाल स्कैमर उपभोक्ता के बैंक खाते से पैसे निकालने, सोशल मीडिया में एक्सेस करने और नया सिम जारी करवाने में करते हैं।कॉल फॉरवर्डिंग के जरिए किए जा रहे साइबर अपराध को रोकने के लिए सरकार ने 15 अप्रैल, 2024 से यूएसएसडी बेस्ड कॉल फॉरवर्डिंग की सेवा बंद कर दी है। इसलिए स्मार्टफोन उपभोक्ताओं को कहा गया है कि अपने मोबाइल फोन की सेटिंग की जांच करें और स्टार 401 हैशटैगच्य नंबर डायल करने पर कॉल फॉरवर्डिंग की सेवा चालू दिखती है, तो उसे तुरंत बंद कर दें।विगत वर्षो में डिजिटलाइजेशन के साथ–साथ साइबर अपराध में तेज वृद्धि हुई है। अब तो फेसबुक और इंस्टाग्राम भी ठगी के साधन बन गए हैं। गूगल सर्च इंजन पर लोग अपने हर प्रश्न का जबाव ढूंढ रहे हैं। ऐसे मनोविज्ञान को दृष्टिगत कर ठग नामचीन भुगतान एप्स जैसे, गूगल पे, फोन पे, पेटीएम के नाम से अपना नंबर इंटरनेट पर सहेज रहे हैं, जिसके कारण खुद से लोग हैकर्स के जाल में फंस जाते हैं। अब तो ब्राउजर एक्सटेंशन की डाउनलोडिंग के जरिए भी साइबर अपराध किए जा रहे हैं। यह काम वायरस के जरिए किया जाता है।सार्वजनिक चार्जर पोर्ट के माध्यम से भी मोबाइल एवं लैपटॉप संक्रमित हो जाते हैं। क्रोम, मोजिला आदि ब्राउजर के जरिए किए गए ऑनलाइन लेन–देन ब्राउजर के सर्वर में सेव हो जाते हैं, जिन्हें सेटिंग में जाकर डिलीट करने की जरूरत होती है, लेकिन अज्ञानतावश लोग ऐसा नहीं करते और इसका फायदा साइबर ठगों को मिल जाता है। इसलिए जरूरी है कि बैंकिंग डिजिटल उत्पादों जैसे डेबिट और क्रेडिट कार्ड, एटीएम, यूपीआई, इंटरनेट बैंकिंग, क्यूआर कोड आदि के उपयोग में विशेष सावधानी बरती जाए क्योंकि इनके उपयोग में बरती गई असावधानी आपकी जेब को खाली कर सकती है।फिशिंग के तहत किसी बड़ी या नामचीन कंपनी या यूजर की कंपनी की फर्जी बेवसाइट, जिसका स्वरूप असली बेवसाइट जैसा होता है, बना कर लुभावने मेल किए जाते हैं, जिनमें मुफ्त में महंगी चीजें देने की बात कही गई होती है। मोबाइल का चलन बढने के बाद हैकर्स एसएमएस या व्हाट्सएप के जरिए भी ऑफर वाले मैसेज भेजते हैं, जिनमें मैलवेयरयुक्त हाइपर लिंक दिया हुआ होता है। मैलवेयर, कंप्यूटर या मोबाइल या टैब में इंस्टॉल सॉफ्टवेयर को नुकसान पहुंचाने के साथ–साथ यूजर की वित्तीय जानकारी जैसे डेबिट या क्रेडिट कार्ड का विवरण, उनके पार्सवड, ओटीपी, मोबाइल नंबर, पता, बैंक खाता नंबर, जन्मतिथि आदि चुरा लेता है।यह यूजर की जानकारी के बिना उसके ईमेल खाते से दूसरे को फर्जी ईमेल भी भेज सकता है, और इसके जरिए ठगी करने के साथ–साथ संवेदनशील जानकारी अवांछित लोगों को बेची भी जा सकती है। इसकी मदद से किसी की सामाजिक प्रतिष्ठा को भी धूमिल किया जा सकता है। आजकल साइबर अपराधी फोन कॉल्स या एसएमएस द्वारा लोगों को बिना कर्ज लिए ही कर्जदार बता कर उनसे पैसों की वसूली कर रहे हैं। लोन रिकवरी एजेंट धमकी देते हैं, आपने हमसे कर्ज लिया है और अगर दो–तीन दिनों में पैसे वापस नहीं करेंगे तो आपकी आपत्तिजनक तस्वीरें वायरल कर दी जाएंगी।यूजर पढ़ा–लिखा हो या अनपढ़य आज सभी साइबर अपराध के शिकार बन रहे हैं।

ऑनलाइन ठगी से न तो शहरी क्षेत्र के लोग बच पा रहे हैं, और न ही ग्रामीण क्षेत्र के लोग। बड़े अधिकारी, बैंक अधिकारी, जज, विधायक, सांसद, मंत्री, पुलिस सभी इसके शिकार हो रहे हैं। बैंक के डिजिटल उत्पाद साइबर अपराध का जरिया बन गए हैं। फिर भी, सजग और जागरूक रह कर डिजिटल उत्पादों से किए जा रहे साइबर अपराधों से बचा जा सकता है। लोग ब्राउजिंग सेशन के दौरान संदेहास्पद पॉप अप से सतर्क रहें, द्धह्लह्लश्चह्यरूध्ध् पैड लॉक सिंबल वाला क्ररु है या नहीं को सुनिश्चित करें, वेबसाइट्स या मोबाइल या पब्लिक लैपटॉप या डेस्कटॉप पर कार्ड की जानकारी साझा नहीं करें, अनजान नंबर या ईमेल आईडी से आए अटैचमेंट को तुरंत डिलीट कर दें और ऑनलाइन लॉटरी, कैसिनो, गेमिंग, शॉपिंग या फ्री डाउनलोड वाले मैसेज की उपेक्षा करें तो फिशिंग मेल या एसएमएस या व्हाट्सएप के जरिए फॉर्वड होने वाले संदेहास्पद हाइपर लिंक के जाल से बचा जा सकता है। मामले में सावधानी ही बचाव है। लालच नहीं करें। यह सभी समस्याओं की जड़ है। मनोवैज्ञानिक दबाव में नहीं आएं। धमकी मिलने पर पुलिस की मदद लेने से नहीं हिचकें। निडर बनें। तभी साइबर अपराध का शिकार बनने से बचा जा सकता है।

# चुनाव में चले सियासी तीर, कांग्रेस के घोषणापत्र पर आक्रामक हुई भाजपा



भारतीय जनता पार्टी के इतिहास में पहली बार विरोधी दल कांग्रेस के घोषणपत्र को ही आधार बनाकर उस पर इतना तीखा हमला बोला गया है। स्वाभाविक रूप से कांग्रेस और उसके साथी तिलमिला गए हैं और वह मुख्य धारा तथा सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी पर अर्मायदित शब्दावली का प्रयोग कर रहे हैं। लोकसभा चुनावों के प्रथम चरण का मतदान संपन्न हो चुका है। दूसरे चरण का प्रचार चरम पर है। प्रथम चरण के चुनावों में भाजपा नेतृत्व राम लहर और मोदी के करिश्माई नेतृत्व के बल पर अबकी बार चार सौ पार के नारे के साथ आगे बढ़ रहा था और चुनावी रैलियों में, "सबका साथ, सबका विकास, सबके विश्वास के साथ एक बार फिर मोदी सरकार" की बात की जा रही थी। भाजपा नेतृत्व अभी तक विपक्ष को परिवारवाद व उनके शासनकाल में किए गये अथाह भ्रष्टाचार और घोटालों की बात करके घेर रहा था लेकिन उसके मुस्लिम तुष्टिकरण पर सीधा प्रहार नहीं कर रहा था किन्तु कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र, राहुल गांध ाी व विपक्ष के नेताओं के कुछ आपत्तिजनक बयानों के बाद नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पूरी भारतीय जनता पार्टी अब कांग्रेस तथा विरोधी दलों के घोर मुस्लिम तुष्टिकरण या कहें कि हिन्दू घृणा के खिलाफ बहुत आक्रामक हो गयी है। मोर्चा स्वयं नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस के समय में प्रध ाानमंत्री रहे मनमोहन सिंह के भाषण और कांग्रेस के घोषणापत्र में किए गए वादों पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने स्वयं खोला। भारतीय जनता पार्टी के इतिहास में पहली बार विरोधी दल कांग्रेस के घोषणपत्र को ही आधार बनाकर उस पर इतना तीखा हमला बोला गया है। स्वाभाविक रूप से कांग्रेस और उसके साथी तिलमिला गए हैं और वह मुख्य धारा तथा सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी पर अर्मायदित शब्दावली का प्रयोग कर रहे हैं। कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मंडल प्रधानमंत्री मोदी की शिकायत लेकर चुनाव आयोग भी पहुंचा है उधर भाजपा का प्रतिनिधि मंडल भी राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंच गया है। प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी सहित भाजपा के सभी बड़े नेता कांग्रेस के मुस्लिम प्रेम पर एक के बाद एक तीखा प्रहार कर रहे हैं जिससे कांग्रेस तिलमिला गई है। प्रधानमंत्री मोदी एक के बाद एक कांग्रेस की सरकारों में हुए हिन्दू विरोधी घटनाओं, निर्णयों, विवादों को उठा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने सबसे पहले राजस्थान की एक जनसभा में कहा कि, "कांग्रेस की नजर आम लोगों की मेहनत की कमाई पर है, प्रापर्टी पर है महिलाओं के मंगलसूत्र पर है। कांग्रेस ने इरादा जाहिर कर दिया है कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो लोगो के घरों, प्रापर्टी और गहनों का सर्वे कराएगी फिर लोगों की कमाई कांग्रेस के पंजे में होगी। कांग्रेस की नजर देश की महिलाओं के गहनों पर है, माताओं– बहनों के मंगल सूत्र पर है वो उसे छीन लेना चाहती है। कांग्रेस के चुनाव घोषणापत्र में उसके इरादे साफ जाहिर हो रहे हैं। अगर कांग्रेस की सरकार आई तो लोगो के बैंक एकाउंट में झांकेगी, लॉकर खंगालेगी, जमीन–जायदाद का पता लगायेगी और फिर सब कुछ छीनकर उसे घुसपैठियों और ज्यादा बच्चे वालों में बांट देगी। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि कांग्रेस यह संपत्ति उन लोगों को बांटेगी जिन्हें मनमोहन सरकार ने कहा था कि देश की संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। इस बयान ने चुनाव के मैदान में तूफान आ गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को धार्मिक आधार पर मुस्लिम आरक्षण को लेकर भी घेरा है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में 2004 से 2010 के बीच मुसलमानों को दलितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों का हिस्सा काटकर उसमें से ही विशेष आरक्षण देने का भरसक प्रयास किया किंतु न्यायपालिका के हस्तक्षेप से कांग्रेस का यह विकृत पायलट प्रोजेक्ट लागू नहीं हो सका जबकि अब यही कांग्रेस भारत का संविधान बदलकर दलित, पिछड़ों, अतिपिछड़ों के अधिकारों में कटौती करके मुस्लिम आरक्षण देने की बात कर रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपने ही बयानों से फंस जाते हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फुल टॉस गेंद फेंककर चुनाव के मैदान में चौके–छक्के लगाने का अवसर दे बैठते हैं। राहुल गांधी ने कांग्रेस का घोषणापत्र जारी हो जाने के बाद एक जनसभा में कहा कि, "सत्ता में आने पर वह देश का एक्सरे कर देंगे। दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। पिछडे़, दलित, आदिवासी, गरीब, सामान्य वर्ग के लोगों को पता चल जाएगा कि इस देश में उनकी भागीदारी कितनी है। इसके बाद हम वित्त और संस्थागत सर्वे करेंगे और यह पता लगायेंगे कि हिंदुस्थान का धन किसके हाथों में है और इस ऐतिहासिक कदम के बाद हम क्रांतिकारी काम शुरू करेंगे।" इस बयान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रन बनाने का सुनहरा अवसर दे दिया और वे हिंदुत्व को लेकर आक्रमक हो गए। इस बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जो अभी तक केवल अयोध्या, मथुरा, काशी और विरोधी दलों के माफिया प्रेम व कानून व्यवस्था की बात कर रहे थे वो भी बोल पड़े, "कांग्रेस देश में शरिया कानून लागू करना चाहती है लेकिन यह देश संविधान से ही चलेगा शरिया से नहीं। योगी का कहना है कि बीजेपी को मिलने वाल एक– एक वोट कर्फ्यू से मुक्ति और बेटियों की सुरक्षा से गारंटी देता है। वही असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा का बयान आता है कि कांग्रेस के घोषणापत्र पर पाकिस्तान की छाप है।कांग्रेस के घोषणा पात्र और उसके स्टार प्रचारक के बयानों से तो यह तो स्पष्ट ही था कि अब कांग्रेस पूरी तरह से टुकड़े– टुकडे गैंग और शहरी नक्सलियों के हाथ में चली गयी है लेकिन कन्हैया कुमार को टिकट देकर उसने इस बात को साबित भी कर दिया। एक समय था कि राहुल गांधी के पिता राजीव गांधी व दादी इंदिरा गांधी ने जातिगत जनगणना को देश के लिए घातक माना था आज राहुल गांधी उन्हीं के विरुद्ध जाकर जातिगत जनगणना की बात कह रहे हैं। राहुल गांधी की असली मंशा जगजाहिर हो चुकी है।एक बात ध्यान देने योग्य यह भी है कि विपक्ष का गठबंधन तो बन

# राजनीतिक दलों के घोषणा पत्र चुनाव आयोग में पंजीकृत हो

रघु ठाकुर

लोकतांत्रिक देशों में चुनाव के समय घोषणा पत्र जारी करने का चलन रहा है। दरअसल घोषणा पत्र का चलन संबंधित पार्टी के द्वारा आने वाले समय में कौन से काम को हाथ में लेंगे और क्या होना चाहिए इसका एक विवरण या पांच वर्षीय कार्यक्रम जैसा होता है। परंतु पिछले कुछ दशकों से यह अनुभव हो रहा है कि राजनीतिक दल विशेषतरू जो सत्ताधारी या सत्ता के नजदीक हैं, वह घोषणाएं तो बहुत करते हैं परंतु उसके ऊपर अमल नहीं करते हैं। घोषणा पत्रों के स्वरूप भी अब बदल रहे हैं।1952 से लेकर 1967 तक के दलों के चुनाव घोषणा पत्रों को देखें तो उनमें मुख्यतरू नीति परिवर्तन के संदेश और वायदे ज्यादा होते थे। परंतु अब घोषणा पत्र नीति परिवर्तन के बजाय वोट खरीदने के मंत्र बन रहे हैं। और घोषणा पत्र में मुख्यतरू राहत की बातों की चर्चा ही मुख्य होती है कि अगर सरकार बनती है तो कौन–कौन सी रियायत मतदाताओं को देंगे। मैं रियायतों के खिलाफ नहीं हूं। परंतु रियायतें स्थानी नहीं होनी चाहिए वरना वह लोकतांत्रिक विफलता में बदल सकती हैं। रियायतें एक अस्थाई संक्रमणता व्यवस्था हो जो आमजन को समर्थ बनाने की अवधि के बीच की मदद हो परंतु आमतौर पर दलों का लक्ष्य स्थाई विकलांगता पैदा करना हो गया यानि समर्थ न बनाकर निरंतर कमजोर रखना तथा मदद के नाम पर वोट हासिल करते रहना एक स्थाई रणनीति बन गई है।इस 2024 के लोकसभा चुनाव का जो घोषणा पत्र कांग्रेस ने जारी किया है उसमें यह कहा है कि गरीब महिलाओं को हर साल 1 लाख रुपए देंगे। भारतीय जनता पार्टी भी इसके पहले चुनाव में लगभग ऐसी ही अन्य घोषणाएं करती रही।उत्तर प्रदेश के पिछले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने 5०० रुपए तक के किसानों के कर्ज माफ करने का ऐलान किया था और इस आधार पर उन्हें वोट भी मिला, बाद में छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने भी किसानों के कर्ज माफी का ऐलान किया और उन्हें भी किसानों का समर्थन मिला। पिछले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने भी यह वादा किया कि हम हर किसान को साल का रु. 6000 किसान सम्मान निधि देंगे और किसान उनकी ओर कुछ उन्मुख भी हुए।कुल मिलाकर स्थिति यही है प्रत्यक्ष रूप से या अप्रत्यक्ष रूप से कुछ राहत के नाम पर रुपयों का लालच देकर पार्टियां वोट खरीदती हैं। प्रत्याशियों के द्वारा व्यक्तिगत तौर पर मतदाताओं को आर्थिक लाभ पहुंचाना या कोई सुविधा देना चुनावी कानून की दृष्टि से अपराध है और इस अपराध के लिए उनके चुनाव भी रद्द हो सकते हैं, परंतु राजनीतिक दलों के द्वारा घोषणा पत्र के नाम पर यह थोकबंद खरीद चुनावी अपराध नहीं मानी जाती। सार्वजनिक रूप से ऐलान करके इस प्रकार से मतदाताओं को ललचाते हैं और वोट लेते हैं।घोषणा पत्र जारी करने की प्रक्रिया में एक और परिवर्तन आया है कि आम तौर पर घोषणा पत्र पार्टियां बगैर किसी सामाजिक और आर्थिक आंकलन के करती हैं। 1952 के बाद लगभग 2–3 दशकों तक पार्टियां जो घोषणा पत्र जारी करती थीं उनके पीछे एक उत्तरदायित्व की भावना तथा वस्तुपरक आंकलन होता था कि वहघोषणा कैसे पूरी कर सकेंगे? जिनके लिए वे जरूरी मानती हैं। क्या देश के आर्थिक हालात इसके लिए समर्थ होंगे। मुख्यतरू उनके चुनाव घोषणा पत्र में नीति निर्माण के ऊपर जोर दिया जाता था। अब पार्टियों के जो घोषणा पत्र जारी हो रहे हैं वह इतने लंबे चौड़े हो रहे हैं कि उन्हें याद रखना जनता को तो दूर पार्टी के नेताओं को भी याद रखना संभव नहीं बचा है। पाँच सौ हजार वायदे और अलग–अलग क्षेत्रों के वायदे वाले इन चुनाव घोषणा पत्रों में सौ–सौ पेज तक होते हैं। इन चुनाव घोषणा पत्र को ना तो पार्टी वाले और ना मतदाता पढ़ते हैं। कोई विशिष्ट मुद्दे पर या किसी विशिष्ट राहत की घोषणा पर देश में चर्चा हो जाती है, परंतु उसका कोई महत्व नहीं होता। अभी जो चुनाव घोषणा पत्र जारी हुए हैं इनमें उत्तर प्रदेश की समाजवादी पार्टी ने भी कल घोषणा की है कि छोटे किसानों को प्रति माह प्रति किसान रु. 5000 की सहायता दी जाएगी। यह ढाई एकड़ से कम भूमि वाले किसानों को दी जाएगी। मैं नहीं जानता हूं कि उन्होंने इसका कोई आंकड़ा निकाला है? क्योंकि अगर निकाला होता तो वह उनकी भी संख्या भी जारी करते। इसी प्रकार हर मजदूर को रु. 5000 प्रतिमाह पेंशन देने का वादा किया है। सामान्य मजदूरी वाले मजदूरों की संख्या अनुमानतरू देश में (खेती और गैर खेती वाले मिलाकर) लगभग 30 करोड़ के आसपास होगी। यानी प्रति महीने लगभग डेढ़ लाख करोड़ रुपए और साल का 18 लाख करोड़ रुपए अकेले इन मजदूरों की पेंशन पर खर्च होगा। कल्पना करिए कि 30 लाख करोड़ के बजट में से 18 लाख करोड़ रुपए क्या केवल मजदूरों की पेंशन पर दिया जाना संभव होगा? जबकि स्थिति यह है कि देश के बजट का 25 से 30 प्रतिशत केवल वेतन भुगतान पर खर्च होता है व लगभग इतनी ही राशि राशि पेंशन भुगतान पर खर्च होती है। लगभग 20 प्रतिशत कर्ज के भुगतान पर खर्च होता है। तो कहां से मजदूरों को या छोटे किसानों को पेंशन मिलेगी। इसकी कोई गणना किए बगैर केवल एक घोषणा जारी करना यह राजनीति का आम चलन हो गया है। यही स्थिति लगभग सत्ताधारी दल या सत्ता आकांक्षी तथा कथित बड़े दलों की हो गई है कि वह भी मनमानी घोषणाएं कर रहे हैं।प्रध ाानमंत्री जी तो पार्टी घोषणा पत्र जारी किए बगैर ही पिछले लगातार दो माह से प्रतिदिन हजारों लाखों करोड़ की घोषणा करते रहे हैं। यह पूरी होगी कैसे होंगी, यह कहना संदिग्ध है। हालत यह है कि पार्टियां घोषणा पत्रों के प्रति कितनी जिम्मेदार हैं अगर यह जानना हो तो इसी से जाना जा सकता है कि चुनाव के दो चरण के लगभग पूरा होने के करीब हैं तब जाकर कुछ दलों ने घोषणा पत्र जारी किए हैं। कांग्रेस का घोषणा पत्र भी अभी दो दिन पहले ही आया है जबकि चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुए 20–25 दिन हो चुके हैं। समाजवादी पार्टी का घोषणा पत्र कल आया और भारतीय जनता पार्टी का जो देश की सत्ताधारी पार्टी है, का भी 15 अप्रैल 2024 को जारी हुआ है। कई बार ऐसे अनुभव आए हैं कि कई चरणों के चुनाव पूरा होने के बाद या चुनाव प्रक्रिया लगभग समाप्ति के पहले घोषणा पत्र जारी करते हैं। इन घोषणा पत्रों के पीछे ना कोई ठोस योजना है, ना कोई आधार है, ना कोई आंकलन होता है। दरअसल अगर सच शब्दों में कहा जाए तो राजनीतिक दलों के घोषणा पत्र आम मतदाता के लिये ठगपत्र माने जाने चाहिए। हम लोगों ने कई बार लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी की ओर से भारत के चुनाव आयोग से यह मांग की कि पार्टियों के घोषणा पत्र चुनाव के कम से कम से एक माह पहले जारी हों तथा इन घोषणा पत्रों का पंजीयन चुनाव आयोग में हो। इसके लिए पार्टियों से उनके आर्थिक आंकलन और पूर्ति के वचन का शपथ पत्र लिया जाए। यह कार्यक्रम भी समयबद्ध होना चाहिए। अगर कोई पार्टी सरकार में आने के बाद अपने घोषणा पत्र को उक्त समय में पूरा नहीं करती है तो फिर उस पार्टी की मान्यता और पंजीयन को समाप्त करना चाहिए तथा उसके शपथ पत्र देने वाले अध्यक्ष या नेताओं के ऊपर ध ाारा 420 के अपराध का मुकदमा चलना चाहिए।हिंदुस्तान के सुप्रीम कोर्ट को मैं बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने झूठे विज्ञापन देने के आधार पर बाबा रामदेव और और पातंजलि के मुखिया आचार्य बालकृष्ण के माफीनामा को भी स्वीकार नहीं किया और और स्पष्ट संकेत दिया है कि उन्हें दंडित किया जाएगा। जिस प्रकार बाजार में झूठे विज्ञापन यानी झूठे वादे के आधार पर सामान को बेचना खरीददारों को गुमराह कर उन्हें खरीद को प्रेरित करना अपराध है उसी प्रकार राजनीति में दलों के द्वारा जनता को झूठे वचन देना और मतदाताओं को गुमराह करना भी अपराध माना जाना चाहिए और उन्हें दंडित किया जाना चाहिए।एक और नई बात अभी सामने आई है कि पिछले कुछ दिनों से जो गठबंधन बन रहे हैं वह राजनीतिक रूप से, विचार के रूप से आमतौर पर बेमेल व केवल कुर्सी परक होते हैं और इसका परिणाम यह हो रहा है कि जो घोषणा पत्र बनते हैं वह आमतौर पर गठबंध ानों के नहीं होते, बल्कि दलों के निजी होते हैं। सरकार अगर बनेगी तो गठबंधन बनायेगा और घोषणा पत्र यानी वचन पत्र राजनीतिक दल पृथक से देंगे। जबकि होना यह चाहिए कि जब कोई गठबंधन बनता है तो उनका घोषणा पत्र सामूहिक वचन पत्र होना चाहिए और गठबंधन की संयुक्त जवाबदेही होना चाहिए। गठबंधन के दलों के अलग–अलग घोषणा पत्र जारी करना यह भी लोगों को धोखा देने का प्रयास है। कांग्रेस पार्टी सीएए का विरोध कर रही है और उन्होंने यह भी कहा है कि अगर उनकी सरकार बनेगी तो वह नागरिकता संशोधन अध िानियम को समाप्त करेंगे परंतु उनके गठबंधन के प्रमुख दल डीएमके ने अपना जो घोषणा पत्र जारी किया है उसमें सीएए को स्वीकार किया है और यहां तक कहा है और कि वह श्रीलंका के तमिल लोगों को जो भारत की नागरिकता चाहेंगे उन्हें नागरिकता देंगे। अब यह कितनी विचित्र स्थिति है कि गठबंधन का प्रमुख कहेगा कि हम सीएए समाप्त करेंगे और उसका घटक दल कहेगा कि हम लागू करेंगे। ऐसी ही विचित्र परिस्थिति उत्तर पश्चिम की है जहां पर एनडीए यानी कि भाजपा के सहयोगी दल यह कह रहे हैं कि हम सीएए को नहीं मानते और भाजपा उसे अपनी उपलब्धि मानती है। भाजपा कहती है की गौ हत्या अपराध है और उस पर रोक लगाएंगे और उनके सहयोगी दल यहां तक कि उनके अपने दल के मुख्यमंत्री कहते हैं कि मैं गोमांस खाता हूं। गौमांस या गौहत्या पर कोई रोक नहीं लगी, कुल मिलाकर राजनैतिक दल भी जनता को गुमराह कर रहे हैं और गठबंधन भी।देश में बड़ी मात्रा में छोटी पार्टियां भी है जो संघटनात्मक तौर पर या संसद व विधानसभा में भागीदारी के तौर पर बहुत ही कमजोर स्थिति में है या नहीं है। उनकी कमजोरी के कारण पर मैं यहां बहस नहीं करूंगा। इन दलों में भी दो प्रकार के दल हैं। कुछ एक दल निजी कारणों से बनाए गए हैं परंतु कुछ एक दल विचारधारा के आधार पर भी बने हैं। इन छोटे दलों के घोषणा पत्र या तो जारी नहीं हो पाते और अगर हो जाएं तो उनकी चर्चा मीडिया में नहीं हो पाती। क्योंकि इनके पास अपने घोषणा पत्र को मीडिया में लाने के लिए ना तो पर्याप्त आर्थिक ताकत होती है और ना राजनीतिक ताकत होती है। छोटी पार्टियों को या वैचारिक पार्टियों का एक संकट यह भी होता है कि जब कोई दल मुश्किल से 10–20 क्षेत्रों में ही लड़ रहा है तो वह घोषणा पत्र क्या जारी करें। क्योंकि जनता भी उनका या तो मजाक उड़ाती है या उन्हें गंभीरता से नहीं लेती। ये कम सीटों पर लडने वाले ना तो सरकार बनाने का दावा कर सकते हैं ना ही बड़े प्रतिपक्षी दल होने का और इसलिए उनका घोषणा पत्र अचर्चित रहता है। दूसरे उनके प्रसार की क्षमता बहुत कम होती है और आजकल तो प्रिंटिंग प्रेस वाले भी इतने कम संख्या के घोषणा पत्र की छपाई नहीं करते क्योंकि उन्हें वह कोई बहुत लाभप्रद काम नहीं लगता है। बहुत सारे ऐसे भी छोटे दल हैं जो नितांत निजी कारणों से या बड़े राजनीतिक खिलाडियों के छिपे हुए लक्ष्यों को पूरा करने के लिए बनवाए गए हैं। उन्हें घोषणा पत्र की कोई आवश्यकता नहीं होती। मेरा सुझाव है कि भारत का चुनाव आयोग निम्न बाध्यकारी नियम बनाए रू–1 –हर पार्टी को यह अनिवार्य किया जाए कि वह चुनाव की घोषणा के एक माह पहले अपने घोषणा पत्र और आंकलन पत्र तथा शपथ पत्र चुनाव आयोग में जमा कराएं ताकि चुनाव आयोग भी उनके उत्तरदायित्व का और घोषणाओं का आंकलन कर निर्णय कर उनकी व्याहारिकता का निर्णय कर सके2 –इन घोषणा पत्रों या वचन पत्रों का पंजीयन चुनाव आयोग में हो।3 –घोषणा पत्र को मीडिया में प्रकाशित करने का दायित्व चुनाव आयोग वहन करें और प्रिंट मीडिया तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया या यूट्यूब चौनल पर सभी पर बाध्यता हो कि वह चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए घोषणा पत्र को क्रमशरू प्रकाशित करेंगे और देश को दिखाएंगे।

4 – घोषणा पत्रों की प्रति उन चुनाव क्षेत्र में चुनाव आयोग के मशीन के द्वारा वितरित कराई जाए जहां उक्त पार्टी या व्यक्ति चुनाव लड़ रहे हैं।5 –जो पार्टी सत्ता में आने के बाद अपने घोषणा पत्र को पूरा ना करें उसकी मान्यता समाप्त हो।6 –पार्टियों के घोषणा पत्रों का आर्थिक आंकलन और व्यावहारिकता का आंकलन चुनाव आयोग कराए और तदानुसार निर्णय करे।

# फिलिस्तीनी समर्थक विरोध प्रदर्शनों ने अमेरिकी विश्वविद्यालयों को अपनी चपेट में लिया, इजरायल के साथ वित्तीय संबंधों को किया गया टारगेट

न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय में छात्रों द्वारा बनाए गए एक शिविर में सोमवार को सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने भाग लिया, जिससे दृश्य अव्यवस्थित होने के बाद विश्वविद्यालय के अधिकारियों को पुलिस बुलानी पड़ी। विश्वविद्यालय ने कहा कि उसे ष्डराने वाले मंत्रों और कई यहूदी विरोधी घटनाओंष की रिपोर्टों के बारे में पता चला है।कोलंबिया में 100 फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों की गिरफ्तारी के बाद इस तरह के विरोध प्रदर्शन ने कई अमेरिकी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को अपनी चपेट में ले लिया है। घिरे गाजा पट्टी में इजराइल–हमास युद्ध जारी है। स्वतंत्र और समावेशी परिसरों को बनाए रखते हुए मुक्त भाषण की अनुमति देना। कोलंबिया विश्वविद्यालय ने व्यक्तिगत कक्षाएं रद्द कर दी हैं और लगभग 130 छात्र न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय में और 45 येल में थे, जबकि हार्वर्ड यार्ड के द्वार भी बंद कर दिए गए थे।न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय में छात्रों द्वारा बनाए गए एक शिविर में सोमवार को सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने भाग लिया, जिससे दृश्य अव्यवस्थित होने के बाद विश्वविद्यालय के अधिकारियों को पुलिस बुलानी पड़ी। विश्वविद्यालय ने कहा कि उसे ष्डराने वाले मंत्रों और कई यहूदी विरोधी घटनाओंष की रिपोर्टों के बारे में पता चला है। फिलिस्तीन समर्थक छात्रों ने मांग की है कि उनके स्कूल गाजा में इजरायल के हमले की निंदा करें और इजरायल को हथियार बेचने वाली कंपनियों से अलग हो जाएं। दूसरी ओर, कुछ यहूदी छात्रों ने कहा है कि इजराइल की अधिकांश आलोचना यहूदी विरोधी भावना में बदल गई है और उन्हें असुरक्षित



महसूस करा रही है। न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय के कानून के छात्र ब्यूल यून ने कहा, ष्यहूदी विरोध कभी भी ठीक नहीं है। यह वह बात नहीं है जिसके लिए हम खड़े हैं और यही कारण है कि इतने सारे यहूदी कॉमरेड आज यहां हमारे साथ हैं।कोलंबिया विश्वविद्यालय के राष्ट्रपति मिनोचे शफीक पिछले हफ्ते फिलिस्तीन समर्थक शिविर को खत्म करने के लिए पुलिस को बुलाने के लिए संकाय और छात्रों दोनों की जांच के दायरे में आ गए हैं। न्यूयॉर्क के कई रिपब्लिकन यूएस हाउस प्रतिनिधियों ने संकट के बीच शफीक के नेतृत्व में विश्वास की कमी व्यक्त करते हुए उनके इस्तीफे की मांग की है। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, एमर्सन कॉलेज, कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले और मिशिगन विश्वविद्यालय सहित कई अन्य संस्थानों में फिलीस्तीन समर्थक शिविर उग आए हैं।

# युद्ध झेल रहे इन तीन देशों के लिए अमेरिका ने खोला अपना खजाना, ताइवान ने दिया धन्यवाद, भड़का चीन

सीनेट और हाउस रिपब्लिकन द्वारा शनिवार को पारित किए गए कानून में यूक्रेन को 61 बिलियन डॉलर, इजराइल को 26 बिलियन डॉलर की युद्धकालीन सहायता और गाजा के नागरिकों को मानवीय राहत और ताइवान और इंडो–पैसिफिक में चीनी खतरों का मुकाबला करने के लिए 8 बिलियन डॉलर भेजे जाएंगे।अमेरिकी सीनेट ने 79–18 वोटों से इजराइल, ताइवान और यूक्रेन के लिए 95 बिलियन डॉलर के विदेशी सहायता पैकेज को पारित कर दिया और इसे राष्ट्रपति जो बाइडेन के पास भेज दिया। ताइवान ने पैकेज पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह अधिनायकवाद के खिलाफ प्रतिरोध को मजबूत करेगा, जबकि चीन ने इस कदम की तीखी आलोचना करते हुए कहा है कि इस तरह की फंडिंग द्वीप को खतरनाक स्थिति में धकेल



रही है। सीनेट और हाउस रिपब्लिकन द्वारा शनिवार को पारित किए गए कानून में यूक्रेन को 61 बिलियन डॉलर, इजराइल को 26 बिलियन डॉलर की युद्धकालीन सहायता और गाजा के नागरिकों को मानवीय राहत और ताइवान और इंडो–पैसिफिक में चीनी खतरों का मुकाबला करने के लिए 8 बिलियन डॉलर भेजे जाएंगे। इन विधेयकों पर हस्ताक्षर कर इन्हें कानून बना दिया जाएगा। ताइवान की निवर्तमान राष्ट्रपति त्साई इंग–वेन ने ताइपे में राष्ट्रपति कार्यालय में अमेरिकी सांसदों के साथ बैठक के दौरान पारित विधेयकों पर खुशी व्यक्त की। हम इस बात से भी बहुत खुश हैं कि सीनेट ने इन विधेयकों को पारित कर दिया है। ताइवान के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति लाई चिंग–ते ने जोर देकर कहा कि यह कदम अधिनायकवाद के खिलाफ प्रतिरोध को मजबूत करेगाश और क्षेत्र में विश्वास पैदा करेगा। लाई ने कहा कि यह विधेयक वाशिंगटन के विचारों को रेखांकित करता है। ताइवान की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता और ताइवान जलडमरूमध्य में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने में मदद करने में इसकी भूमिका पर जोर दिया गया है। रक्षा मंत्री चिउ कुओ–चेंग ने बैठक में कहा कि जिन क्षेत्रों में पैसा खर्च किया जाना है, जैसे प्रशिक्षण या उपकरण, उन पर संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ चर्चा की जाएगी। उन्होंने संसद को बताया, संयुक्त राज्य अमेरिका ने सद्भावना व्यक्त की है और इस पर हमारे बीच बातचीत की जरूरत है। चीन के साथ बढ़ते तनाव की पृष्ठभूमि में प्रतिनिधिमंडल की यात्रा का समय महत्वपूर्ण है।

# रंगे हाथों पकड़ा गया पाकिस्तानी पत्रकार, मोदी के अर्बन नक्सल वाले बयान को अरब नस्ल बताकर अरब देशों को भड़का रहा था

पीएम मोदी के बयान का वीडियो क्लिप काटकर हामिद मीर ने गलत व्याख्या करने की कोशिश की। हामिद मीर ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री अरब के लोगों से नफरत करते हैं। अर्बन नक्सल यानी अरब नस्ल के लोग मंगलसूत्र को भी नहीं बचने देंगे। एक फेमस पाकिस्तानी पत्रकार द्वारा राजस्थान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया भाषण की गलत व्याख्या करने को लेकर सोशल मीडिया पर अपनी किरकिरी करा बैठे। विपक्ष पर निशाना साधते हुए, पीएम मोदी ने अर्बन नक्सल सोच और कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा था कि वे मां–बहनों के मंगलसूत्र को भी छीन लेंगे। हालांकि, एक समाचार शो की मेजबानी के दौरान पाकिस्तानी पत्रकार हमीर अर्बन नक्सल शब्द और अरब नस्ल से जोड़ दिया। पीएम मोदी के बयान का वीडियो क्लिप काटकर हामिद मीर ने गलत व्याख्या करने की कोशिश की। हामिद मीर ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री अरब के लोगों से नफरत करते हैं। अर्बन नक्सल यानी अरब नस्ल के लोग मंगलसूत्र को भी नहीं बचने देंगे। लोगों ने जमकर लगा दी क्लास पाकिस्तानी पत्रकार ने इस शब्द को गलत समझ लिया। पत्रकार ने अपनी गलती को सुधारने की जहमत भी नहीं उठाई। भले ही उनके सोशल मीडिया पोस्ट पर कमेंट की झड़ी लग गई हो। लोगों ने उन्हें अर्बन नक्सली और अरब नस्ल शब्दों के बीच के अंतर से रूबरू करवाया। भारत के कई लोगों ने इस क्लिप को साझा करते हुए लिखा श्पाकिस्तान के पत्रकार को हिंदी भी समझ नहीं आती है। कुछ लोगों ने कहा कि पाकिस्तान में शिक्षा की इतनी कमी है कि वहां के लोग हलवा प्रिंट कपड़ा पहनने पर एक महिला को घेर लिए थे। पीएम मोदी ने क्या कहा था पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मां–बहनों के मंगलसूत्र को भी छीन लेगी। उन्होंने कहा था कि ये लोग पहले भी कह चुके हैं कि देश की संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। इसका मतलब यह है कि जिनके ज्यादा बच्चे हैं, उनको ज्यादा संपत्ति मिलेगी। अर्बन नक्सल की सोच मां–बहनों का मंगलसूत्र भी बचने नहीं देगी।



# जेएनयू वाली आजादी की गूंज के बाद कोलंबिया यूनिवर्सिटी में जड़ना पड़ा ताला, अब शेष सेमेस्टर के लिए होगा अश्वनलाइन क्लास

अमेरिका के अनेक हिस्सों में छात्र इजराइल–हमास के बीच जारी युद्ध के खिलाफ विरोध–प्रदर्शन कर रहे हैं। पिछले हफ्ते 'न्यूयॉर्क आइवी लीग' स्कूल के छात्रों ने इजराइल के खिलाफ विरोध–प्रदर्शन शुरू किया था, जो मंगलवार तक एक बड़े आंदोलन में बदल गया। कोलंबिया विश्वविद्यालय के मैनहट्टन परिसर में प्रदर्शन कर रहे 100 से अधिक छात्रों को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किये जाने से ये प्रदर्शन और तेज हो गया। पुलिस ने विभिन्न स्थानों से दर्जनों प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है। कोलंबिया में तनाव बढ़ने के कारण विश्वविद्यालय ने शेष सेमेस्टर के लिए ऑनलाइन क्लास आयोजित करने का फैसला किया है। अमेरिका के विश्वविद्यालय परिसरों में हजारों छात्र द्वारा गाजा में युद्ध से निपटने के लिए राष्ट्रपति जो बाइडेन के खिलाफ प्रदर्शन तेज कर दिया। ऐसे में कोलंबिया विश्वविद्यालय ने घोषणा की है कि वह शेष वर्ष के लिए ऑनलाइन कक्षाएं आयोजित करेगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कई छात्रों के माता–पिता ट्यूशन फीस वापस करने की भी मांग कर रहे हैं। एक आधिकारिक बयान में कोलंबिया विश्वविद्यालय के अध्यक्ष ने कहा कि विभिन्न समुदायों के छात्रों ने अपनी सुरक्षा के लिए भय व्यक्त किया है और हमने सुरक्षा चिंताओं को दूर करने के लिए अतिरिक्त कार्रवाई की घोषणा की है। मध्य पूर्व में विनाशकारी मानवीय परिणामों वाला एक भयानक संघर्ष चल रहा है। विद्वेष को कम करने और हम सभी को अगले कदम पर विचार करने का मौका देने के लिए, मैं घोषणा कर रहा हूं कि सभी कक्षाएं वस्तुतः सोमवार को आयोजित की जाएंगी। अमेरिका के अनेक हिस्सों में छात्र इजराइल–हमास के बीच जारी युद्ध के खिलाफ विरोध–प्रदर्शन कर रहे हैं। पिछले हफ्ते 'न्यूयॉर्क आइवी लीग' स्कूल के छात्रों ने इजराइल के खिलाफ विरोध–प्रदर्शन शुरू किया था, जो मंगलवार तक एक बड़े आंदोलन में बदल गया। कोलंबिया विश्वविद्यालय के मैनहट्टन परिसर में प्रदर्शन कर रहे 100 से अधिक छात्रों को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किये जाने से ये प्रदर्शन और तेज हो गया। पुलिस ने विभिन्न स्थानों से दर्जनों प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है। कोलंबिया में तनाव बढ़ने के कारण विश्वविद्यालय ने शेष सेमेस्टर के लिए ऑनलाइन क्लास आयोजित करने का फैसला किया है। पुलिस ने बताया कि सोमवार को न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय के पास प्रदर्शन कर रहे 133 लोगों को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन बाद में उन्हें रिहा कर दिया गया था और अदालत में पेश होने के लिए समन जारी किया गया था। न्यूयॉर्क शहर के महापौर एरिक एडम्स ने बताया कि इस सप्ताह विरोध–प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने पुलिस अधिकारियों पर बोतलों और अन्य वस्तुओं से हमला किया। कनेक्टिकट में स्थित येल विश्वविद्यालय में छात्रों ने प्रदर्शन रोकने से इनकार कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने 47 छात्रों सहित 60 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया।



# किम जोंग उन की न्यूक्लियर ड्रिल से मचा हड़कंप, तानाशाह बोला– हमला करने में नार्थ कोरिया पूरी तरह सक्षम

ड्रिल के बाद किम जोंग उन ने कहा कि रॉकेट लॉन्चर स्नाइपर्स की तरह सटीक थे और युद्ध रोकने के साथ दुश्मन पर हमला करने में नार्थ कोरिया पूरी तरह सक्षम है। वहीं दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टॉफ ने नार्थ कोरिया की ओर से किए गए न्यूक्लियर ट्रिगर मैनेजमेंट सिस्टम की ड्रिल को अपने देश के लिए खतरा बताया। नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने एक बार फिर अपनी मिसाइल सनक से पूरी दुनिया में सनसनी मचा दी है। नॉर्थ कोरिया के सरकारी टेलीविजन चौनल की रिपोर्ट के मुताबिक किम ने अपने दुश्मनों को चेतावनी देने के लिए न्यूक्लियर ट्रिगर मैनेजमेंट सिस्टम की ड्रिल की है। नॉर्थ कोरिया की तरफ से जारी की गई तस्वीरों में दिखा कि किम जोंग की मौजूदगी में इस ड्रिल को अंजाम दिया गया। इस न्यूक्लियर ट्रिगर मैनेजमेंट सिस्टम की ड्रिल में एक के बाद एक चार रॉकेट दागे गए जो 351 किलोमीटर किसी आइलैंड पर जाकर गिरे। रिपोर्ट के मुताबिक सुपरलार्ज मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर ने भारी गोलीबारी की और नकली परमाणु हथियारों से लैस प्रोजेक्टाइल पर सटीक निशाना साधा। इस ड्रिल के बाद किम जोंग उन ने कहा कि रॉकेट लॉन्चर स्नाइपर्स की तरह सटीक थे और युद्ध रोकने के साथ दुश्मन पर हमला करने में नार्थ कोरिया पूरी तरह सक्षम है। वहीं दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टॉफ ने नार्थ कोरिया की ओर से किए गए न्यूक्लियर ट्रिगर मैनेजमेंट सिस्टम की ड्रिल को अपने देश



के लिए खतरा बताया। दक्षिण कोरियाई सेना ने कहा कि उसे इस बात के सबूत मिले हैं कि उत्तर कोरिया अपने दूसरे जासूसी उपग्रह प्रक्षेपण की तैयारी में जुटा है, लेकिन ऐसे कोई संकेत नहीं हैं कि प्रक्षेपण होने वाला है। कोरियाई प्रायद्वीप पर कुछ वर्षों में काफी तनाव है। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन देश के हथियारों के जखीरे को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयार कर रहे हैं और उनका कहना है कि इस जखीरे में कुछ ऐसी मिसाइलें भी हैं जो अमेरिकी मुख्य भूमि और प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी लक्ष्यों को निशाना बनाने में सक्षम हैं। उत्तर कोरिया की तैयारियों के बीच अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान ने अपने संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण का विस्तार किया है और अपनी बचाव रणनीतियों को तेज किया है।

# भारत के मुसलमानों को भड़काने की कोशिश, सीएए के खिलाफ अमेरिका का प्रोपगेंडा वार

रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि सीएए का विरोध करने वाले लोग बीजेपी से डरे हुए हैं। जो हिन्दू बहुसंख्यकवादी, मुस्लिम विरोधी एजेंडे को आगे बढ़ा रही है। जो आधिकारिक तौर पर धर्मनिरपेक्ष गणराज्य के रूप में भारत की स्थिति को खतरे में डालती है। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार मानदंडों और दायित्वों का उलंघन करती है। अमेरिका के एक रिपोर्ट में इस साल भारत में लागू हुए सीएए यानी नागरिकता संसोधन विधेयक को लेकर झूठ परोसा गया है। सीआरसी यानी कॉंग्रेशनल सर्विस रिपोर्ट के मुताबिक सीएए के कुछ प्रावधान संभावित रूप से भारतीय संविधान का उल्लंघन करते हैं। रिपोर्ट में ये भी चिंता जताई गई है कि एनआरसी के




साथ साथ सीएए भारत की मुस्लिम आबादी के अधिकार को खतरे में डाल सकता है। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि सीएए का विरोध करने वाले लोग बीजेपी से डरे हुए हैं। जो हिन्दू बहुसंख्यकवादी, मुस्लिम विरोधी एजेंडे को आगे बढ़ा रही है। जो आधिकारिक तौर पर धर्मनिरपेक्ष गणराज्य के रूप में भारत की स्थिति को खतरे में डालती है। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार मानदंडों और दायित्वों का उलंघन करती है। रिपोर्ट में सीएए को लागू करने की टाइमिंग पर भी सवाल उठाए गए हैं। इसे चुनाव से कनेक्ट किया गया है, यानी इसे राजनीति से प्रेरित बताया गया। आपको बता दे कि अमेरिका की बाइडेन सरकार पर इस पर बारीकी से निगरानी करने का स्वांग भरती नजर आई है। हालांकि अमेरिका के झूठ को खुद ही भारतीय मुसलमान बेपर्दा कर रहे हैं। उन्हें पता है कि वह शत प्रतिशत भारतीय हैं की विकास यात्रा में जिम्मेदार होने के साथ–साथ भागीदार भी है। इससे पहपए अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हम 11 मार्च को जारी की गई

नागरिकता (संशोधन) अधिनियम की अधिसूचना को लेकर चिंतित हैं। मिलर ने एक सवाल के जवाब में कहा कि हम इस बात पर निकटता से नजर रख रहे हैं कि इस अधिनियम को कैसे लागू किया जाएगा।

# 26/11 हमले के बाद हम बैठे, बहस की, कई विकल्पों पर विचार हुआ, फिर हमने कुछ नहीं करने का विकल्प चुना, मुंबई हमले पर एस जयशंकर का बड़ा बयान



जयशंकर ने तत्कालीन एनएसए एमके नारायणन के हवाले से कहा कि मुंबई हमलों के बाद पिछली यूपीए सरकार के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) ने लिखा था कि हम बैठे, हमने बहस की और सभी विकल्पों पर विचार किया। तब हमने कुछ नहीं करने का फैसला किया। इसके लिए उन्होंने सफाई दी कि हमें लगा कि पाकिस्तान पर हमला करने की कीमत पर पाकिस्तान पर हमला ना करने की कीमत से अधिक है। विदेश मंत्री एस जयशंकर का संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार पर बड़ा हमला सामने आया है। विदेश मंत्री ने मुंबई हमले पर कहा कि कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। 26द्11 का जिक्र करते हुए एस जयशंकर ने कहा कि सबूत के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई थी। तत्कालीन सरकार ने कोई भी बड़ा एक्शन नहीं लिया था। पाकिस्तान पर कार्रवाई से दूरी बनाई गई थी। रक्षात्मक युग में हममें गुस्सा था। जयशंकर ने तत्कालीन एनएसए एमके नारायणन के हवाले से कहा कि मुंबई हमलों के बाद पिछली यूपीए सरकार के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) ने लिखा था कि हम बैठे, हमने बहस की और सभी विकल्पों पर विचार किया। तब हमने कुछ नहीं करने का फैसला किया। इसके लिए उन्होंने सफाई दी कि हमें लगा कि पाकिस्तान पर हमला करने की कीमत पर पाकिस्तान पर हमला ना करने की कीमत से अधिक है। उस समय जयशंकर सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त थे। जून 2019 में वह वर्तमान सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए और भगवा पार्टी की नरेंद्र मोदी सरकार में विदेश मंत्री बने। जयशंकर ने बार–बार कांग्रेस पर जवाबी कार्रवाई न करने का आरोप लगाया। 26द्11 को लोग भारत के इतिहास में सबसे खराब आतंकवादी हमला बताते हैं। अपने पूर्ववर्ती से तुलना करते हुए भाजपा बार–बार पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में सितंबर 2016 के सर्जिकल स्ट्राइक और फरवरी 2019 में पाकिस्तान के अंदर बालाकोट हवाई हमले को अपनी मजबूत राष्ट्रीय सुरक्षा साख के प्रमाण के रूप में पेश करती है। भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी पहले दावा किया था कि यूपीए शासन ने कभी भी आगे बढ़ने की इजाजत नहीं दी बावजूद इसके कि बल एक ऐसे हमले के लिए तैयार था जिसका 100: सफल होना था। अपनी ओर से मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के एनएसए नारायणन ने पहले कहा है कि उन्होंने (नारायणन) खुद किसी प्रकार की तत्काल दिखाई देने वाली प्रतिशोध के लिए दबाव डाला था।

# चावल में मिले कीड़े! रूस ने शहबाज को क्यों लगाई डांट ?

मक्खी जैसा दिखने वाला यह कीड़ा स्वास्थ्य के लिए खतरनाक होता है। इससे बीमारी फैलने का खतरा भी होता है। चावल में कीड़े मिलने से नाराज रूस ने मॉस्को में पाकिस्तान के राजदूत को बुलाकर कड़ी फटकार लगाई है। आर्थिक बदहाली से जूझ रहे पाकिस्तान को रूस ने बहुत बुरी लताड़ लगाई है। यह लताड़ पाकिस्तान से एक्सपोर्ट किया जा रहे चावल को लेकर लगाई गई है। दरअसल, रूस बीते दो सालों से पाकिस्तान से भारी मात्रा में चावल खरीदता है। लेकिन पाकिस्तान से रूस भेजी गई चावल की खेप में जांच के दौरान पौधों में पाए जाने वाला कीड़ा मिला था। मक्खी जैसा दिखने वाला यह कीड़ा स्वास्थ्य के लिए खतरनाक होता है। इससे बीमारी फैलने का खतरा भी होता है। चावल में कीड़े मिलने से नाराज रूस ने मॉस्को में पाकिस्तान के राजदूत को बुलाकर कड़ी फटकार लगाई है। इसके साथ ही साफ कहा है कि अगर अगली खेप में चावल की क्वालिटी नहीं सुधरी तो रूस पाकिस्तान से चावल खरीदना बंद कर देगा। रूस की फटकार के बाद पाकिस्तान की सरकार ने पूरे मामले की जांच करवाने का भरोसा दिया है। इससे पहले 2019 में भी पाकिस्तानी चावल में कीड़े मिलने के बाद रूस ने आयात पर प्रतिबंध लगा दिया था। बाद में पाकिस्तान के अफसर ने कई बार मिन्नत की तो रूस ने चावल के आयात पर से प्रतिबंध को हटा दिया था। एक प्रमुख पाकिस्तानी चावल डीलर के अनुसार, अकेले दिसंबर 2023 में लगभग 700,000 टन चावल का निर्यात किया गया, जो वित्तीय वर्ष के लिए एक महीने में सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने पिछले साल उच्च उत्पादन और मांग और ऊंची वैश्विक कीमतों के कारण चावल का निर्यात किया। चावल निर्यात निगम पाकिस्तान से बासमती चावल के निर्यात में 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ दस लाख टन से अधिक और गैर–बासमती चावल के निर्यात में 36 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 4.25 मिलियन टन का अनुमान लगा रहा है।

# आरसीबी के सामने सनराइजर्स की चुनौती, हैदराबाद की निगाहें फिर से रनों का अंबार लगाने पर




आईपीएल चरण में तीन बार 250 रन का आंकड़ा पार कर चुकी सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने तूफानी बल्लेबाजी दिखायी है, इसमें मुंबई इंडियंस उसका सबसे पहला शिकार बनी और फिर बेंगलुरू में 2016 की विजेता टीम ने आरसीबी के खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन बनाकर टूर्नामेंट का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा कर दिया। गुरुवार को हैदराबाद के उप्पल स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु के बीच आईपीएल 2024 का मैच खेला जाएगा। वहीं इस मैच में सनराइजर्स हैदराबाद की निगाहें आरसीबी के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए रनों का अंबार लगाने की होगी। इस आईपीएल चरण में तीन बार 250 रन का आंकड़ा पार कर चुकी सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने तूफानी बल्लेबाजी दिखायी है, इसमें मुंबई इंडियंस उसका सबसे पहला शिकार बनी और फिर बेंगलुरू में 2016 की विजेता टीम ने आरसीबी के खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन बनाकर टूर्नामेंट का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा कर दिया। इतना ही काफी नहीं था कि एसआरएच ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पावरप्ले में बिना विकेट गंवाये 125 रन का रिकॉर्ड बनाने के साथ आईपीएल में पहली बार 300 रन पार करने की संभावना भी बना दी थी। और गुरुवार को भी अगर एसआरएच कुछ रिकॉर्ड बना दे तो हैरानी नहीं होगी। आरसीबी को गेंदबाजी आक्रमण में सुधार की जरूरत है। आरसीबी के गेंदबाजी विभाग का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि उसका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज यश दयाल सात विकेट से सूची में 24वें स्थान पर है। आठ में से सात मैच गंवाकर तालिका में निचले स्थान पर काबिज आरसीबी ने अपने पिछले पांच मैच में कम से कम 180 रन लुटाये हैं और पिछले दो मैच में प्रतिद्वंद्वी टीम ने उसके खिलाफ 200 से ज्यादा रन का स्कोर खड़ा किया है। आरसीबी के बल्लेबाजों ने अपनी गेंदबाजी की खामियों की भरपायी करने के लिए काफी मशक्कत की है लेकिन संतुलन के मामले में इतनी कमजोर टीम के लिए हरफनमौला प्रदर्शन दिखाना असंभव ही दिखता है। आरसीबी ने बल्लेबाजी में शानदार जज्बा दिखाया लेकिन इसके बावजूद वे कोलकाता नाइट राइडर्स से महज एक रन से हार गये। हालांकि आरसीबी प्रबंधन उनके एकजुट बल्लेबाजी प्रयास से काफी संतुष्ट होगा। विराट कोहली टूर्नामेंट में अब तक आरसीबी के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बने रहेंगे जिन्होंने 379 रन बनाकर 'ओरेंज कैप' अपने पास रखी हुई है। कोहली के अलावा कुछ और खिलाड़ी भी शानदार फॉर्म में हैं जिसमें एसआरएच के ट्रेविस हेड शामिल हैं। हेड आक्रामक होकर बल्लेबाजी करते हैं और मिले हर मौके का फायदा उठाते हैं। अभिषेक शर्मा ने भी हेड के साथ अच्छी बल्लेबाजी दिखायी है और हेनरिच क्लासेन ने भी इस सत्र में बल्ले से अच्छा योगदान दिया है। एसआरएच की मजबूत बल्लेबाजी ने उनके गेंदबाजों और कप्तान पैट कमिंस का काम आसान कर दिया है। एसआरएच सात मैच में 10 अंक लेकर तालिका में तीसरे स्थान पर बनी हुई है। टीमें इस प्रकार हैं सनराइजर्स हैदराबादरू पैट कमिंस (कप्तान), अब्दुल समद, अभिषेक शर्मा, ऐडन मार्कराम, मार्को जानसन, राहुल त्रिपाठी, वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, सनवीर सिंह, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), भुवनेश्वर कुमार, मयंक अग्रवाल, टी नटराजन, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक मारकंडे, उपेन्द्र सिंह यादव (विकेटकीपर), उमरान मलिक, नीतिश कुमार रेड्डी, फजलहक फारूकी, शाहबाज अहमद, ट्रेविस हेड, जयदेव उनादकट, आकाश सिंह, जे सुब्रमण्यन। रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु रू फाफ डुप्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), सूयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशाक, आकाशदीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉप्ले, हिमांशु शर्मा, रंजन कुमार, कैमरन ग्रीन, अल्जारी जोसफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फरग्यूसन, स्वप्निल सिंह और सौरव चौहान।

# लगातार खराब प्रदर्शन के बीच आरसीबी के खिलाड़ियों ने की पार्टी, फैंस ने कर दिया ट्रोल



आईपीएल 2024 में आरसीबी का अब तक खराब प्रदर्शन रहा है। टीम अभी तक महज एक ही मैच जीत पाई है। इसी बीच आरसीबी टीम के खिलाड़ी हैदराबाद में विराट कोहली के रेस्टोरेंट व्दम8 ब्वउउनदम पहुंचे। इस दौरान की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। आरसीबी का आईपीएल 2024 में अब तक खराब प्रदर्शन रहा है। टीम अभी तक महज एक ही मैच जीत पाई है। इसी बीच आरसीबी टीम के खिलाड़ी हैदराबाद में विराट कोहली के रेस्टोरेंट व्दम8 ब्वउउनदम पहुंचे। इस दौरान की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। दरअसल, जो तस्वीर वायरल हो रही हैं उसमें महिपाल लोमरोर, अनुज रावत, सुयश, व्यशक और विराट कोहली नजर आ रहे हैं। वहीं फैंस ने भी अपना रिएक्शन दिया है। फैंस आरसीबी को लेकर लगातार नाराज दिख रहे हैं और इस तस्वीर को देखकर तो फैंस ने आरसीबी के खिलाड़ियों को ट्रोल करना शुरू कर दिया है। हालांकि, अगर टीम अपने बचे हुए 6 मैच जीत जाती है तो वो टॉप 4 में जाने को कोई रास्त नहीं बचा है। क्योंकि अब आईपीएल में पिछले तीन साल से 10 टीमें खेल रही हैं। किसी भी टीम को टॉप में आने केलिए कम से कम 8 मैच जीतने होंगे। जो अब आरसीबी के लिए असंभव है।

# ऐसा बल्लेबाजी संयोजन ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं जो आईपीएल के अंतिम छोर में अच्छा करे




बल्लेबाजी विभाग की अपनी समस्याओं को सीएसके जल्दबाजी से निपटाने की कोशिश में नहीं जुटी है। टीम के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग आठ मैच में चौथी हार के बावजूद डेरिल मिचेल को शीर्ष तीन बल्लेबाजी क्रम में सामंजस्य बिठाने के लिए समय देने को तैयार हैं। टीम ने पिछले मैच में रहाणे और रूतुराज को ओपनिंग के लिए भेजा था। चेन्नई । चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) बल्लेबाजी विभाग की अपनी समस्याओं को जल्दबाजी से निपटाने की कोशिश में नहीं जुटा है और मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग आठ मैच में चौथी हार के बावजूद डेरिल मिचेल को शीर्ष तीन बल्लेबाजी क्रम में सामंजस्य बिठाने के लिए समय देने को तैयार हैं। सीएसके पूरे सत्र में शीर्ष तीन क्रम में बल्लेबाजों को उतारने में जूझता रहा है। मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ अजिंक्य रहाणे और रूतुराज गायकवाड़ पारी का आगाज करने उतरे जबकि मिचेल को पांचवें से तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया। पिछले मैच में रहाणे और रचिन रविंद्र को खिलाने के लिए गायकवाड़ को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करायी गयी। घरेलू सरजमीं पर लखनऊ सुपर जायंट्स से मिली हार के बाद फ्लेमिंग ने कहा कि उन्हें अपना बल्लेबाजी संयोजन सही करने की जरूरत है। फ्लेमिंग ने अपने ही मैदान पर मिली सत्र की पहली हार के बाद कहा, ''यह सही संयोजन और फॉर्म ढूंढने की कोशिश का मिश्रण है। हम कुछ विभाग में थोड़े से असहज हैं इसलिये हम कोशिश कर रहे हैं कि इसका फुर्ती से हल नहीं निकाला जाये बल्कि सही संयोजन ढूंढा जाये जिसमें खिलाड़ी टूर्नामेंट के अंतिम छोर में टीम के लिए योगदान कर सकें।'' मिचेल को नीलामी में 14 करोड़ रुपये में खरीदा गया था, उन्होंने सात पारियों में कुल 146 रन बनाये है।। फ्लेमिंग ने जोर दिया कि न्यूजीलैंड के साथी खिलाड़ी के लिए तीसरा नंबर बल्लेबाजी के लिए आदर्श स्थान है। उन्होंने कहा, ''इस स्थान पर काफी दबाव होता है, निश्चित रूप से उसके लिए ऊपरी बल्लेबाजी क्रम ज्यादा सहज होगा। मैंने हिट करने की भूमिका निभाने के लिए उसे निचले स्थान पर भेजा जो उसका सर्वश्रेष्ठ स्थान नहीं है।'' फ्लेमिंग ने कहा, ''इसलिये हमने उसे सुधारने की कोशिश की और बल्लेबाजी क्रम में ऊपर की ओर भेजा जहां उसका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। इसमें थोड़ा समय लग सकता है लेकिन शीर्ष तीन बल्लेबाजों को ज्यादातर रन बनाकर योगदान देने की जरूरत है।'' उन्होंने कहा, ''रूतुराज ने आज ऐसा किया इसलिये उम्मीद करते हैं कि वह अपनी यही फॉर्म जारी रखे और अन्य भी उससे प्रेरित हों।

# रोमांचक क्रिकेट लेकिन... इम्पैक्ट' प्लेयर नियम पर एलएसजी के एडम वोग्स का बयान




सलाहकार एडम वोग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 'इम्पैक्ट' खिलाड़ी नियम के लिए चल रही बहस में शामिल होते हुए कहा कि उन्हें आस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में 'पावर सर्ज' जैसा नियम ज्यादा पसंद आता है जिसमें बल्लेबाजी टीम को फील्डिंग पांबदियों के दो ओवर के चरण पर फैसला करने का मौका मिलता है। लखनऊ सुपर जायंट्स के सलाहकार एडम वोग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 'इम्पैक्ट' खिलाड़ी नियम के लिए चल रही बहस में शामिल होते हुए कहा कि उन्हें आस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में 'पावर सर्ज' जैसा नियम ज्यादा पसंद आता है जिसमें बल्लेबाजी टीम को फील्डिंग पांबदियों के दो ओवर के चरण पर फैसला करने का मौका मिलता है। 'इम्पैक्ट' खिलाड़ी नियम पिछले सत्र में शामिल किया गया था और इस सत्र में इसे लेकर काफी बहस चल रही है जिसमें भारतीय कप्तान रोहित शर्मा सहित काफी खिलाड़ी इसे आल राउंडरों के लिए नुकसानदायक करार कर रहे हैं। वोग्स भी इस बात से सहमत हैं और उन्होंने कहा कि यह नियम क्रिकेट को रोमांचक तो बना रहा है लेकिन इससे आल राउंडर खिलाड़ियों को नुकसान पहुंच रहा है। इस आस्ट्रेलियाई ने मंगलवार रात चेन्नई सुपर किंग्स पर मिली छह विकेट की जीत के बाद कहा, ''टूर्नामेंट में काफी बड़े स्कोर बन रहे हैं और टीम के लिए मजबूत बल्लेबाज सातवें या आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''निश्चित रूप से इससे क्रिकेट के रोमांच का स्तर बढ़ गया है लेकिन इससे मैच में आल राउंडर की भूमिका और उनका प्रभाव थोड़ा कम हो जाता है। आल राउंडर हमेशा टीम को संतुलन प्रदान करते हैं और शायद वे 'इम्पैक्ट सब' के साथ इतने महत्वपूर्ण नहीं रह गये हैं।'' आस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग (बीबीएल) में 'पावर सर्ज' के नियम से तुलना के बारे में पूछने पर वोग्स ने कहा कि इससे मुकाबला दिलचस्प हो जाता है और उन्हें यह नियम पसंद आता है। आईपीएल में जहां पारी के शुरू में छह ओवर का पावरप्ले होता है तो वहीं बीबीएल में चार ओवर का पावरप्ले होता है। 'पावर सर्ज' सर्कल के बाहर केवल दो क्षेत्ररक्षकों का दो ओवर का चरण होता है जिसे बल्लेबाजी टीम अपनी पारी के 11वें ओवर के बाद किसी भी समय मांगती है। उन्होंने कहा, ''मुझे हमारे यहां 'पावर सर्ज' का नियम पसंद आता है। इससे मैच थोड़ा दिलचस्प हो जाता है। लक्ष्य का पीछा करते हुए आपको कभी भी ऐसा नहीं लगता कि आप मैच से बाहर हो। लेकिन हमने इस दौरान काफी विकेट गिरते हुए भी देखे हैं।

# दिल्ली कैपिटल्स की प्लेआफ की राह मुश्किल, गुजरात से पार पाना आसान नहीं

24 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के बीच भिड़ंत होगी। ये मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं ऋषभ पंत की कप्तानी वाली दिल्ली टीम ने अब तक इस सीजन में 8 में से महज 3 ही मुकाबले जीते हैं। ये टीम अभी भी पॉइंट्स टेबल में 8वें नंबर पर काबिज है।आईपीएल के 17वें सीजन में आज यानी 24 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के बीच भिड़ंत होगी। ये मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं ऋषभ पंत की कप्तानी वाली दिल्ली टीम ने अब तक इस सीजन में 8 में से महज 3 ही मुकाबले जीते हैं। ये टीम अभी भी पॉइंट्स टेबल में 8वें नंबर पर काबिज है।प्लेऑफ में पहुंचने के लिए दिल्ली को अब अपने बाकी बचे सभी मैच जीतने होंगे। ऐसे में उसके लिए अपने सभी मैच श्करो या मरोश होने वाले हैं। दूसरी ओर गुजरात टीम ने अब तक 8 में से 4 जीते और इतने ही हारे हैं। शुभमन गिल की कप्तानी वाली ये गुजरात टीम अभी पॉइंट्स टेबल में छठे नंबर पर काबिज हैं। उसे अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए ये मैच जीतना ही होगा। हेड टू हेड आंकड़े गुजरात का ये तीसरा ही आईपीएल सीजन है। 2022 में डेब्यू सीजन में गुजरात ने हार्दिक पंड्या की कप्तानी में खिताब अपने नाम किया था। इसके बाद साल 2023 सीजन में गुजरात फाइनल में पहुंची थी। दिल्ली और गुजरात के बीच कुल 4 मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान गुजरात और दिल्ली टीम ने बराबर 2–2 मैच जीते हैं। दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग इलेवनदिल्ली कैपिटल्स– डेविड वॉर्नर, जेक फ्रेजर–मैकगर्क, अभिषेक पोरेल, ऋषभ पंत (विकेटकीपरध् कप्तान), ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल, ललित यादव, कुलदीप यादव, एनरिक नॉर्किया, खलील अहमद, मुकेश कुमार। गुजरात टाइटंस– शुभमन गिल (कप्तान), ऋद्धिमान साहा (विकेटकीपर), रडेविड मिलर, अजमतुल्लाह उमरजई,

# क्रिकेट के भगवान कहे जाते हैं सचिन तेंदुलकर, आज मना रहे 51वां जन्मदिन

क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर आज यानी की 24 अप्रैल को अपना 51वां जन्मदिन मना रहे हैं। सचिन तेंदुलकर का जन्म 24 अप्रैल 1973 को मुंबई में हुआ था। मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर के नाम पर बहुत सारे रिकॉर्ड दर्ज है।क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर आज यानी की 24 अप्रैल को अपना 51वां जन्मदिन मना रहे हैं। सचिन तेंदुलकर का जन्म 24 अप्रैल 1973 को मुंबई में हुआ था। सचिन के पिता रमेश तेंदुलकर मराठी उपन्यासकार थे और उनकी मां रजनी तेंदुलकर एक बीमा एजेंट थीं। वहीं सचिन के दो बड़े भाई और एक बड़ी बहन हैं। बता दें कि इस खिलाड़ी का ओहदा खेल की दुनिया में काफी बड़ा था। आइए जानते हैं उनके बर्थडे के मौके पर मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में।क्रिकेट के लिए छोड़ दी पढ़ाईआपको बता दें कि मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर क्रिकेट को लेकर इतना ज्यादा जुनूनी थे कि उन्होंने सिर्फ 12वीं तक पढ़ाई की थी। इसके बाद उन्होंने पढ़ाई नहीं की। सचिन तेंदुलकर ने मुंबई के इंडियन एजुकेशन साइट न्यू इंग्लिश स्कूल बांद्रा और दादर में स्थित शारदाश्रम विद्यामंदिर स्कूल से पूरी की। इसके बाद सचिन ने मुंबई के खालसा कॉलेज में एडमिशन लिया, लेकिन वह आगे की पढ़ाई नहीं कर पाए।ऐसे बने मास्टर–ब्लास्टरसचिन के गुरु रमाकांत आचरेकर था।

# नींबू का रस सीधे चेहरे पर लगाएंगे तो हो सकती है ये दिक्कतें, आप भी तो नहीं कर रहे ये गलती ?



नींबू विटामिन सी से भरपूर होता है, यह त्वचा के लिए काफी फायदेमंद माना गया है. लेकिन कुछ लोग ऐसे होते हैं, जो नींबू के रस को सीधा चेहरे पर लगा लेते हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं इसको सीधा चेहरे पर लगाने से क्या होता है? अगर नहीं तो ये खबर आपके लिए है, आज हम आपको बताएंगे कि नींबू के रस को सीधे चेहरे पर लगाने से स्किन को खतरनाक नुकसान हो सकता है. आईए जानते हैं इसके नुकसान के बारे में.नींबू का रस सीधे चेहरे पर लगाना सही?नींबू का रस सीधे चेहरे पर लगाने से त्वचा पर जलन, लालिमा और सूखापन, जैसी परेशानी होने लगती है. इसके अलावा अगर आपकी त्वचा संवेदनशील है, तो नींबू का रस एलर्जी पैदा कर सकता है. नींबू का रस त्वचा को सूर्य के लिए संवेदनशील बना सकता है.जिससे सनबर्न का खतरा और अधिक बढ़ जाता है. इसके अलावा नींबू का रस सीधे चेहरे पर लगाने से त्वचा का रंग हल्का पड़ता है साथ ही त्वचा ऑयली होने लगती है, जिससे पिंपल्स होने का खतरा भी बढ़ जाता है.नींबू का इस्तेमालनींबू का इस्तेमाल आप कुछ चीजों के साथ मिलाकर कर सकते हैं, जैसे नींबू के रस को पानी या एलोवेरा जेल के साथ मिलाकर पतला कर लें फिर इसे अपने चेहरे पर लगा सकते हैं. आप नींबू के रस को बेसन फेस पैक में शामिल कर अपने चेहरे पर लगा सकते हैं.इसके अलावा जब भी आप नींबू को किसी चीज के साथ मिलाकर चेहरे पर लगाते हैं, तो ध्यान रहे इसका इस्तेमाल करने के बाद सनस्क्रीन या मॉइश्चराइजर अपने चेहरे पर जरूर लगाए. आप सप्ताह में एक से दो बार नींबू का इस्तेमाल कर सकते हैं. इन बातों का रखें ध्यानअगर आपकी त्वचा संवेदनशील है, तो नींबू का उपयोग करने से बचे. जब भी आप नींबू को किसी चीज के साथ मिलाकर चेहरे पर लगाते हैं, तो पहले पैच टेस्ट जरूर करें. कुछ लोगों को नींबू का इस्तेमाल करने से एलर्जी, लाल दाने जैसी समस्या हो सकती है. अगर ऐसा होता है, तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें और नींबू का इस्तेमाल करना बंद कर दें.

# रात में चेहरे से मेकअप साफ करने के बाद करें यह काम, त्वचा रहेगी मुलायम और स्वस्थ



अधिकतर लोग दिनभर मेकअप करने के बाद रात में सोते वक्त मेकअप साफ कर सो जाते हैं. लेकिन अगर आप ऐसा करते हैं, तो इससे त्वचा पर बुरा असर पड़ सकता है. आप अपनी त्वचा को स्वस्थ रखना चाहते हैं, तो मेकअप साफ करने के बाद आपको कुछ चीजे अपने चेहरे पर लगानी चाहिए. इससे स्किन मुलायम और स्वस्थ रहती है. आज हम आपको बताएंगे रात में मेकअप साफ करने के बाद त्वचा की देखभाल करने के लिए कुछ टिप्स. आइए जानते हैं उन टिप्स के बारे में.फॉलो करें ये टिप्समेकअप उतारने के बाद आपको अपने चेहरे का विशेष ध्यान रखना चाहिए, क्योंकि दिन भर का मेकअप अगर सही तरीके से नहीं निकलता है, तो इससे त्वचा संबंधित समस्याएं होने लगती है. चेहरा साफ होने के बाद आपको टोनर का इस्तेमाल करना चाहिए. टोनर त्वचा के पीएच को मेंटेन करने में मदद करता है.मॉइश्चराइजर का इस्तेमालटोनर के बाद आप चेहरे पर मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल कर सकते हैं, इससे त्वचा हाइड्रेट रहती है और रूखी नहीं होती है. आप चाहे तो सीरम का इस्तेमाल भी कर सकते हैं. यह आपकी त्वचा को स्वस्थ रखने में काफी मदद करता है. नाइट क्रीम में मॉइश्चराइजिंग गुण होते हैं. इसे रात में सोने से पहले लगाने से त्वचा को आराम मिलता है.जीवन शैली में करें बदलावडेड स्किन को हटाने के लिए आप हफ्ते में 1 से 2 बार चेहरे पर स्क्रब कर सकते हैं. इससे त्वचा मुलायम बनेगी साथ ही गंदगी को बाहर करने में स्क्रब मदद करता है. इन सब घरेलू उपाय के अलावा आप अपनी जीवन शैली में बदलाव कर सकते हैं. जैसे 7 से 8 घंटे की पर्याप्त नींद जरूर लें. त्वचा को स्वस्थ रखने के लिए संतुलित और स्वस्थ आहार का सेवन करें. साथ ही दिन भर में 8 से 10 गिलास पानी पिए, जिससे त्वचा हाइड्रेट रहेगी.अगर आप धूम्रपान या शराब का सेवन करते हैं, तो आपको इससे बचना चाहिए. क्योंकि इसका रोजाना सेवन स्किन पर खतरनाक प्रभाव डाल सकता है. कुछ लोगों को इन घरेलू उपाय से एलर्जी हो सकती है. अगर ऐसा होता है, तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें.

# आज आयेंगे जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह

ब्यूरो अंकित वर्मा

देवरिया। उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह आज 25 अप्रैल को तरकुलवा के ओम मैरेज हाल में 11.30 बजे भाजपा लोकसभा सोशल मीडिया वालंटियर सम्मेलन में भाग लेने आ रहे हैं । उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने देते हुए बताया कि तरकुलवा के ओम मैरेज हाल में लोकसभा देवरिया के सोशल मीडिया वालंटियर सम्मेलन को संबोधित करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह हवाई मार्ग से कुशीनगर एयरपोर्ट पर आयेंगे और कुशीनगर से बाई रोड तरकुलवा आयेंगे जहां पार्टी के सोशल मीडिया के कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे ।

# लू से बचने के लिए एडवाइजरी जारी

ब्यूरो अंकित वर्मा

देवरिया। अपर जिलाधिकारी (वि०ध्रा०) अरूण कुमार राय ने बताया है कि मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार ग्रीष्म ऋतु में अधिक तापमान रहने के साथ हीट वेव (लू) चलने की सम्भावना है, जिसके दृष्टिगत जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह द्वारा समस्त अधिकारियों को हीट वेव से बचाव के लिये विभागवार दायित्व निर्धारित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। हीट वेव से बचाव सम्बन्धित पोस्टर सम्बन्धित विभागों को उपलब्ध कराते हुए जन जागरूकता कार्यकम कराये जाने के निर्देश दिये गये है। जिलाधिकारी द्वारा आम जनमानस से अपील करते हुए कहां है कि लू से बचाव जहां तक सम्भव हो घर में ही रहें तथा सूर्य के ताप से बचे संतुलित हल्का व नियमित भोजन करें, मादक पेय प्रदार्थों का सेवन कदापि न करें, घर से बाहर निकलते समय अपने शरीर व सर को कपड़े या टोपी से ढक कर रखें। उच्च प्रोटिन युक्त खाद्य पदार्थों का अधिक से अधिक सेवन करें, तथा बासी भोजन कतई न इस्तेमाल करें। घर में बने पेय प्रदार्थ जैसे लस्सी, छाछ, मट्ठा, बेल का शरबत, नमक चीनी को घोल, नींबू पानी या आम का पन्ना इत्यादि का प्रयोग करें, निर्जलीकरण से बचने के लिये ओ०आर०एस० का प्रयोग करें। बीमार, वृद्ध, व गर्भवती महिलाओं को अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए।गर्म, लाल शुष्क त्वचा का होना, पसीना न आना, तेज पल्स होना, श्वास गति में तेजी, व्यवहार में परिवर्तन, भ्रम की स्थिति, शिर दर्द, मिचली, थकान, और कमजोरी का होना, या चक्कर आना, मूत्र न होना, अथवा इसमें कमी होना, आदि मुख्य लक्षण है। इन लक्षणों के चलते मनुष्य के शरीर के उच्च तापमान से अन्य आन्तरिक अंगो को नुकसान पहुंचता है। लू से प्रभावित व्यक्तियों को छाये में लेटाकर सूती गीले कपड़े से पोछे अथवा नहलाये तथा चिकित्सकीय परामर्श हेतु अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र व चिकित्सक से अभिलम्ब सम्पर्क करें।

# चोरी की मोटरसाइकिल व एक अदद तमंचा के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार

ब्यूरो अंकित वर्मा

सलेमपुर देवरिया। थाना सलेमपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर सोहनाग रेलवे ढाला क्रासिंग के पास से चोरी की एक मोटर साइकिल व एक अदद तमंचा 315 बोर तथा एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ दो अभियुक्तों 01. रामसरीखा पुत्र शारदा प्रसाद निवासी कसली थाना मईल जनपद देवरिया व 02. सूरज गुप्ता पुत्र स्व0 दीनानाथ गुप्ता निवासी कसली थाना मईल जनपद देवरिया को गिरफ्तार किया गया । पुलिस टीम द्वारा बरामद मोटरसाइकिल के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर अभियुक्तों द्वारा बताया कि उक्त मोटरसाइकिल हम लोगों द्वारा कई माह पूर्व मईल थाना क्षेत्र से चोरी किया गया था । पुलिस टीम द्वारा रामसरीखा उपरोक्त के पास से एक अदद तमंचा 315 बोर तथा एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ । पुलिस टीम द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल, तमन्चा व कारतूस को कब्जे में लेते हुए नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।



# सीमा से सटे सतना क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान

## -अलर्ट मोड पर यूपी-एमपी के अधिकारी, बैरियरों पर निगरानी चौकस

चित्रकूट(आरएनएस)। जिले की सीमा अंतर्गत सतना सीट में 26 अप्रैल को मतदान होगा। जिसके लिए बुधवार से चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। मतदान कराने की तैयारी में जिला प्रशासन जुट गया है। यूपी व एमपी की सीमा में बैरियर लगाने के साथ जवान तैनात कर दिए गए हैं। वहीं प्रत्याशी घर–घर जनसंपर्क कर रहे हैं। मतदान का प्रतिशत अधिक पड़े इसके लिए जागरूकता अभियान भी जारी है। 1950 पोलिंग बूथों पर मतदान होगा। जिले की सीमा अंतर्गत सतना सीट में बुधवार की शाम को पांच बजे चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। इसके बाद 26 अप्रैल को होने वाले मतदान की तैयारी में अधिकारी जुट गए हैं। संवेदनशील बूथों में विशेष नजर रखी जा रही है। बुधवार को रूट मार्च किया गया। अधिकारियों ने बूथों का निरीक्षण कर इंतजाम भी देखा। सतना डीएम अनुराग वर्मा ने बताया कि चुनाव की तैयारी पूरी कर ली गई। मतदाओं से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की गई है। सतना सीट व रीवां सीट चित्रकूट सीमा से जुड़ा है। जिसमें सतना क्षेत्र मानिकपुर से लेकर धर्मनगरी चित्रकूट सहित भरतकूप की सीमा तक पड़ता है। जिसमें मानिकपुर क्षेत्र के इटवां डुडैला गांव के पास सीमा में बैरियर लगाकर चेकपोस्ट बनाया गया है। आने जाने वाले वाहनों की इस स्थान पर तलाशी ली जाती है। इसी तरह से धर्मनगरी के चित्रकूट में रामघाट में चित्रकूट सतना मार्ग में यूपी–एमपी सीमा में बैरियर लगाया है। इसी के साथ कई स्थानों पर बैरीकेट भी लगाए गए हैं। वहीं चित्रकूट जिले से रीवा जिले की सीमा भी बरगढ़ जिले में पड़ती है। रीवां संसदीय सीट में भी 26 अप्रैल मतदान होगा। इस क्षेत्र मे भी यूपी में बैरियर लगाए गए हैं।

# बूथ जितना सशक्त, परिणाम उतना ही होगा शानदार– स्वतंत्र देव

## -भाजपा के चुनाव संचालन समिति की हुई बैठक

चित्रकूट(आरएनएस)। लोकसभा चुनाव कार्यालय कर्वी में चित्रकूट विधानसभा के चुनाव संचालन समिति की बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की अध्यक्षता मे सम्पन्य हुई।बैठक मे बतौर मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने संचालन समिति के कार्यकर्ताओ से बूथ प्रबंधन, विधानसभा लीगल टीम, मीडिया प्रबंधन, प्रचार प्रसार सामग्री एवं साहित्य, सोशल मीडिया, हाईटेक अभियान, वीडियो वैन, यात्रा व प्रवास, वाहन व्यवस्था, प्रवासी कार्यकर्ता, लाभार्थी संपर्क, सामाजिक संपर्क, युवा संपर्क, महिला संपर्क, अनुसूचित जनजाति झुग्गी झोपड़ी विशेष संपर्क, व्यवसायिक एवं सामाजिक, चुनाव कार्यालय, मतगणना आदि कार्यों की जानकारी की। उन्होंने कहा कि चुनावी समर के दौरान लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति व कोर कमेटी की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। यहां पर आक्रामक रणनीति बनाकर जमीन पर क्रियान्वयन किया जाता है। बूथ जितना सशक्त, परिणाम उतना ही शानदार होगा। ऐसे में जिसकी जो जिम्मेदारी हो उसका सही से क्रियान्वयन करे और लगातार जनता से सम्पर्क करे। कहा कि सपा, बसपा, कांग्रेस पूरी तरह से धराशायी हो चुकी है। 2024 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी फिर से पूर्ण बहुमत से सरकार बनायेगी।जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहां कि भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए पार्टी मां के समान है। मां के सम्मान में चुनाव जीतना है। विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए और विश्व में भारत का गौरव स्थापित करने को अपने प्रत्याशी आरके सिंह पटेल के पक्ष में समर्थन जुटाएं। लोकसभा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल ने कहां कि कर्मयोगी कार्यकर्ताओं की सेना हो वह हरहाल में विजयी होता है। वास्तव में सबका साथ, सबका विकास, सबके विश्वास को धरातल पर उतार कर लाये हैं। आज मोदी जी की गारंटी सर्व समाज का विश्वास वन गयी है। इस मौके पर लोकसभा संयोजक ब्रजकिशोर गुप्ता, जिला प्रभारी अनिल यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोव जाटव, पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल, लोकसभा सहसंयोजक शिवशंकर सिंह, आलोक पांडेय, अश्वनी अवस्थी, राजेश जायसवाल, तीरथ तिवारी, भागवत त्रिपाठी, अर्पित जायसवाल, विपुल प्रताप सिंह, शिवकांत पांडेय आदि मौजूद रहे।



# पलिस ने किया पैदल गस्त



चित्रकूट(आरएनएस)। एसपी के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने को अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी के नेतृत्व व क्षेत्राधिकारी मऊ जय करन की उपस्थिति में पुलिस बल के साथ कस्बा मऊ के भीड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों ने दुकानदारों, व्यापारियों एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पांडेय आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस और उसके गठबंधन की नजर जनता की कमाई और सम्पत्ति पर – भूपेंद्र विरासत टैक्स कांग्रेस के खतरनाक इरादे

ब्यूरो अंकित वर्मा



देवरिया। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने औरा चौरी स्थित पार्टी कार्यालय से प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के खतरनाक इरादे एक के बाद एक खुलकर सामने आ रहे हैं। शाही परिवार के शहजादे के सलाहकार, शहजादे के पिता जी के भी सलाहकार सैम पित्रोदा ने कुछ समय पहले कहा था कि हमारे देश का जो मिडिल क्लास है, जो मेहनत करके कमाते हैं, उन पर ज्यादा टैक्स लगना चाहिए। अब ये लोग उससे भी एक कदम आगे चले गए हैं। अब कांग्रेस का कहना है कि वो माता–पिता से मिलने वाली विरासत पर भी टैक्स लगाएगी। आप जो अपनी मेहनत से संपत्ति जुटाते हैं, वो आपके बच्चों को नहीं मिलेगी। वो भी कांग्रेस का पंजा आपसे छीन लेगा। कांग्रेस का मंत्र है आपसे छीन लेगा, आपको लूट लेगा। जब तक आप जीवित रहेंगे, कांग्रेस आपको ज्यादा टैक्स से मारेगी। जब आप जीवित नहीं रहेंगे तो इन हेरिटेंट टैक्स का बोझ लाद देगी। जिन लोगों ने पूरी कांग्रेस पार्टी को पैतृक संपत्ति मानकर अपने बच्चों को दे दी, वो नहीं चाहते कि सामान्य भारतीय अपने बच्चों को दें। उन्होंने कहा कि हमारा देश संस्कारों से, संस्कृति से उपभोक्तावादी देश नहीं है। हम संरक्षित, संवर्द्धन करने में विश्वास करते हैं, आज अगर हमारी प्रकृति बची है तो संस्कारों से बची है। हमारे यहां घर में बूढ़े मां–बाप होंगे, दादा–दादी होंगे तो संभाल कर रखेंगे । वो सोचते है कि मेरी पोती की शादी होगी तो उसे देंगे, नाती की शादी होगी कि उसे देंगे। ये हमारे देश के लोगों का स्वभाव है। वो गर्व करके जिंदगी जीने में यकीन करते हैं। भारत के मूलभूत स्वभाव पर ये कांग्रेस पार्टी कड़ा प्रहार करने जा रही है। मैंने कहा कि अर्बन नक्सल पे कांग्रेस ने कब्जा कर लिया है। उन्हें लगा कि कुछ अमेरिका को भी खुश करने के लिए भी कहना चाहिए, लेकिन वो आपकी संपत्ति को लूटना चाहते हैं। आपके बच्चों का हक आज ही लूट लेना चाहते हैं।जितने साल देश में कांग्रेस की सरकार रही, आपके हक का पैसा लूटा जाता रहा। लेकिन, भाजपा सरकार आने के बाद आप लोगों के हक का पैसा, आप लोगों पर खर्च हो रहा है। उन्होंने सपा और बसपा को निशाने पर लेते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में सपा के सरकार में सिर्फ सैफई का विकास होता था, गुंडों और माफियाओं का बोलबाला था तथा मायावती के सरकार में एन आर एच एम जैसे घोटाले किए गए, प्रदेश के खजाने को लूटने का कार्य इन दोनों पार्टियों के द्वारा किया गया । कांग्रेस ने बहुत पहले आंध्र प्रदेश में धर्म के आधार पर आरक्षण देने का प्रयास किया।इन लोगों ने धर्म के आधार पर 15 प्रतिशत आरक्षण की बात कही। और ये भी कहा कि, एससी, एसटी और ओबीसी का जो कोटा है, उसी में से कम करके धर्म के आधार पर कुछ लोगों को आरक्षण दिया जाए। 2009 में कांग्रेस ने यही इरादा भी जताया। 2014 के घोषणापत्र में भी कहा कि इसे नहीं छोड़ेंगे।भाजपा सरकार आई तो हमने संविधान के विरुद्ध, बाबा साहब के निर्णय के विरुद्ध जो निर्णय हुआ था, उसके अनुसार कांग्रेस के निर्णय को उखाड़ फेंका और दलितों, पिछड़ों को दिया।

# 1 मई से 30 जून तक जनपद न्यायालय देवरिया के न्यायालयों व कार्यालयों में कार्य करने का समय किया गया निर्धारित

ब्यूरो अंकित वर्मा

देवरिया। जनपद न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह प्रथम ने बताया है कि माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्देश के अनुक्रम में सचिव, डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, देवरिया का प्रस्ताव 20 अप्रैल को प्राप्त होने के उपरान्त 1 मई से 30 जून तक जनपद न्यायालय देवरिया के न्यायालयों व कार्यालयों में कार्य करने का समय निर्धारित किया गया है। न्यायालय का समय सुबह 7 से दोपहर 1 बजे तक होगा। इस दौरान आधे घण्टे का लंच सुबह 10.30 बजे से 11 बजे तक रहेगा। वहीं कार्यालय का समय सुबह 6.30 से दोपहर 1.30 बजे तक होगा। सुबह 10.30 से 11.30 बजे तक आधे घण्टे का लंच होगा। उन्होंने न्यायालयों एवं कार्यालयों में कार्यरत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को निर्देश दिया कि आधे घंटे का लंच का समय इस प्रकार उपयोग किया जायेगा कि शासकीय काम बाधित नहीं हो। कर्मचारी किसी भी दशा में कार्यालय बंद कर लंच नहीं करेंगे।

# दबंग भाइयों ने तालाब की जमीन पर कब्जा कर शुरू किया निर्माण

चायल, कौशाम्बी। एयरपोर्ट कोतवाली क्षेत्र के तियरा गांव में दबंग भाइयों ने तालाब की जमीन पर कब्जा कर मकान का निर्माण कर लिया है।अब वहीं हैंडपंप भी लगाने जा रहा है।ग्रामीणों के विरोध करने पर वह मारपीट पर आमादा हो रहे हैं। बुधवार को ग्रामीणों ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जु गई है। तियरा गांव निवासी दीपक कुमार, नंदलाल, विजय कुमार, मुन्नीलाल, मुन्ना और इंद्रजीत आदि ने बताया कि उनके गांव के दबंग दो भाइयों ने गांव स्थित तालाब की जमीन पर कब्जा कर मकान का निर्माण कर लिया है।अब वह हैंडपंप लगाने के लिए बोरिंग करा रहे हैं।विरोध करने पर वह दोनों भाई गाली–गलौज कर मारपीट करने के लिए आमदा हो रहे हैं। आरोप है कि हल्का लेखपाल पैसे लेकर अवैध निर्माण करा रहा है। बुधवार को ग्रामीणों ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

# दबंग भाइयों ने रंजिशन किशोरी समेत पांच को पीटा

चायल, कौशाम्बी। संदीपन घाट थानाक्षेत्र के मोहीउद्दीनपुर गौस गांव निवासी बिसई ने बताया कि उसका गांव के ही एक युवक से पुरानी रंजिश चल रही है। मंगलवार को वह निशान लेकर गंगा नदी के घाट की तरफ जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में युवक अपने भाइयों और साथियों के साथ मिला और उसके साथ गाली गलौच करने लगा। विरोध करने पर उसने बिसई, बेटी शांति देवी, पट्टीदार आकाश, विकास और छोटू को जमकर पीट दिया। पिटाई से छोटू का सिर फट गया और वह लहूलुहान हो गया। मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर छह लोगों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# अजुहा में सफाई कर्मियों ने ठेकेदार की दबंगई से आजिज नगर पंचायत का किया घेराव

अजुहा, कौशाम्बी। नगर पंचायत अजुहा में आउटसोर्सिंग सफाई कर्मियों ने वेतन काटने और असमय वेतन देने पर बुधवार की नगर पंचायत कार्यालय का घेराव करते हुए ठेकेदार पर मनमानी का आरोप लगाते हुए विरोध जताया । मामले में अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह ने ठेकेदार से फोन पर बात कर वेतन विसंगति को ठीक करने के आश्वासन दिया।

नगर पंचायत अजुहा में आउटसोर्सिंग का ठेका फर्म अर्चना एसोसिएट के रामराज मिश्र को मिला हैं जिनमे 72 महिला पुरुष कर्मचारी तैनात हैं जो नगर पंचायत की सफाई, विद्युत, पानी आदि कार्यों में लगाए गए हैं । आउटसोर्सिंग कर्मचारियों में बेनी, विनय , मिलन रॉय, विनोद मिश्र, शंकर, गीता देवी, संगीता देवी, रीता देवी, रेशमा देवी , सत्येंद्र यादव, तेजपाल आदि ने ठेकेदार पर आरोप लगाते हुए बताया की ठेकेदार मनमानी करते हुए समय से वेतन नहीं देते, साथ ही वेतन में कमीशन बाजी करते हुए कटौती करता है।इसके अलावा 31 दिन के महीने में 27 दिन का वेतन और 30 दिन के वेतन में 26 दिन का वेतन दिया जा रहा है साथ ही रविवार को भी काम करना पड़ता है जिसको लेकर कर्मचारी नगर पंचायत का घेराव करते हुए हंगामा करने लगे । जिसके बाद नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह ने ठेकेदार से वार्ता कर समस्या से निजात दिलाए जाने का आश्वासन दिया ।

# 500 ग्राम गांजे के साथ 1 अभियुक्त गिरफ्तार

ब्यूरो अंकित वर्मा

श्रीरामपुर देवरिया। बुधवार को थाना श्रीरामपुर पुलिस टीम




द्वारा मुखबीर की सूचना पर थाना श्रीरामपुर क्षेत्रान्तर्गत मिश्रौली के पास 500 ग्राम गांजा जिसकी बाजारु कीमत लगभग 05 हजार बरामद करते हुए 01 अभियुक्त सुभाष प्रसाद पुत्र स्व0 रामबली प्रसाद साकिन–मिश्रौली कुर्मी टोला, थाना श्रीरामपुर, जनपद देवरिया को गिरफ्तार किया गया। जिसके संबंध में थाना श्रीरामपुर पर धारा–8ध20 एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# चचेरे भाई बहन की तालाब में डूबने से हुई मौत, कोहराम

करारी, कौशाम्बी। कोतवाली क्षेत्र के रहीमपुर मोलानी गांव में मंगलवार की शाम आम बिनने गए चचेरे भाई बहन तालाब में डूब गए। कुछ देर बाद खोजते हुए परिजन मौके पर पहुंचे। दोनों को तालाब से निकाल कर जिला अस्पताल ले गए। जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बच्चों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बच्चो की मौत के बाद गाँव मे मातम का माहौल है।

रहीमपुर मौलानी गांव मे शारदा व तीरथ सगे भाई है। गांव मे वह अपनी पत्नी बच्चों के साथ रहते है। दोनों परिवार के मुखिया मेहनत मजदूरी कर अपना गुजर बसर करते है। परिवार मे बच्चे अभी छोटे है। शारदा का बेटा अंधू (7) व तीरथ की बेटी उर्मिला (6) मंगलवार शाम पढ़ाई के बाद गांव के बाहर तालाब किनारे लगे आम के पेड़ से कच्चे आम तोड़ने गए। अंधू पेड़ मे पत्थर मार आम तोड़ कर नीचे गिरा रहा था। जिसे उर्मिला उठा कर एक जगह एकत्रित कर रही थी। पास में तालाब में अचानक शिवानी का पैर आम उठाने के चक्कर मे फिसल गया। वह तालाब मे गिरकर डूबने लगी। चचेरी बहन उर्मिला को डूबता देख अंधू उसे बचाने की कोशिश मे खुद भी तालाब मे उतर गया। ठोस सहारा न मिलने के चलते दोनों तालाब मे दलदल मे फंस कर डूब गए। देर शाम होने के बाद भी बच्चे जब घर नहीं पहुंचे। बच्चों के अचानक लापता होने से घबराए परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। देर रात रात तालाब में उर्मिला का फ्राक दिखाई पड़ा। ग्रामीणो ने शोर मचा कर परिवार के लोगो को जानकारी दी। ग्रामीणो ने तालाब मे उतर कर बच्चों की तलाश कर दोनों को बाहर निकाला। इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए। डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी सुनील सिंह ने बताया कि गांव के लोगों के जरिए तालाब मे शव मिलने की जानकारी मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।